# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक

रांची, शुक्रवार, 17 जनवरी 2025

संवत 2081, माघ कृष्ण 4- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 132 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ जम्मू-कश्मीर में रेल सेवा का विस्तार विकास के नये द्वार खोलेगा

साकिब महमूद को इंग्लैंड के भारत दौरे के लिए मिला वीजा ◀◀ 6


### सहायक शिक्षक नियुक्ति : हाईकोर्ट से पारा शिक्षकों को बड़ा झटका

# क्वालिफाइंग मार्क्स में दी गई छूट खत्म

मेट्रो रेज



**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट ने कृष्ण कुमार हलदर की ओर से राज्य में 26,000 सहायक शिक्षकों (आचार्य) की नियुक्ति के लिए चल रही प्रक्रिया के खिलाफ

दायर याचिका पर हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। पिछली सुनवाई को सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। शुक्रवार को हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि नियुक्ति प्रक्रिया में पारा शिक्षकों को क्वालिफाइंग मार्क्स में छूट देना सही नहीं है। वहीं अदालत ने पारा शिक्षकों को क्वालिफाइंग मार्क्स में छूट देने के प्रावधान को खत्म कर दिया है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और जस्टिस दीपक रौशन की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। बुध वार को सहायक शिक्षक नियुक्ति नियमावली में पारा शिक्षकों को 50% आरक्षण दिए जाने और क्वालीफाइंग मार्क्स में छूट दिए जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शुभम कुमार मिश्रा, कुमार पवन और शिवम उत्कर्ष सहाय ने बहस की। जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजोय पिपरवाल, अधिवक्ता राधा कृष्ण गुप्ता और पिंकी साव ने पक्ष रखा। वहीं राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता राहुल साबू ने पक्ष रखा। हाईकोर्ट के इस फैसले से सहायक शिक्षक नियुक्ति में शामिल पारा शिक्षकों को बड़ा झटका लगा है।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी बधाई



**रांची:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों अर्जुन अवार्ड से नवाजे जाने के बाद सलीमा टेटे को झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने बधाई दी है। सीएम हेमंत ने अपने सोशल मीडिया पर लिखा ,अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित झारखंड की बेटी और प्रतिभावान हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे को बहुत-बहुत बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। आप अपने उम्दा खेल और नेतृत्व से हॉकी के क्षेत्र में नित नये आयाम स्थापित करें, यही कामना करता हूं। आज पुरस्कार पाने वाले अन्य सभी खिलाड़ियों को भी अनेक-अनेक बधाई और जोहार।

# सलीमा टेटे को अर्जुन अवार्ड राष्ट्रपति ने किया सम्मानित



मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड की स्टार हॉकी खिलाड़ी और भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे को अर्जुन अवार्ड से नवाजा गया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें यह सम्मान दिया। राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 वितरण समारोह का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले और देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को खेल पुरस्कारों से सम्मानित किया। इसी के तहत हॉकी में बेहतर प्रदर्शन करने और देश को कई राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक दिलाने वाली सलीमा टेटे को अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया गया। सलीमा टेटे झारखंड के सिमडेगा की रहने वाली हैं, वो भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान हैं।

### सलीमा को अर्जुन अवार्ड मिलने से पूरा झारखंड गौरवान्वित महसूस कर रहा है

बता दें कि सलीमा टेटे सहित 32 खिलाड़ियों को अर्जुन अवार्ड दिया गया है। यह अवार्ड पिछले चार साल की अवधि में बेहतर प्रदर्शन, खेल कौशल और अनुशासन की भावना के लिए दिया जाता है। सलीमा को अर्जुन अवार्ड मिलने से पूरा झारखंड गौरवान्वित महसूस कर रहा है। बता दें कि वर्ष 2016 में सलीमा टेटे का चयन जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए हुआ था। उसके बाद से लगातार वो आगे बढ़ती रही। मई 2024 में उन्हें भारतीय महिला टीम का कप्तान बनाया गया। सलीमा टेटे झारखंड के सिमडेगा जिले बड़की छापर गांव की रहने वाली हैं। उनके पिता भी स्थानीय स्तर के हॉकी खिलाड़ी रह चुके हैं।

# तिरु फॉल में डूबने से तीन युवकों की मौत, मचा कोहराम

मेट्रो रेज

**रांची :** राजधानी रांची के ग्रामीण इलाके बुढ़मू थाना क्षेत्र स्थित तिरु फॉल में डूबने से तीन युवकों की मौत हो गयी है। मरने वाले में दो सगे भाई बताए जा रहे है, वहीं एक दोस्त शामिल है। तीन युवकों की मौत से इलाके में कोहराम मच गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर स्थानीय गोता खोर की मदद से शव को निकाला गया। बताया जा रहा है कि सभी घूमने के लिए सुबह निकले थे। इसी दौरान हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि दो भाई रांची के हेहल के रहने वाले है, वहीं एक के चान्हो करकट गांव का है।

तीनों सुबह- सुबह घूमने के लिए तिरु जलप्रपात गये थे। इस दौरान करीब 12 बजे अचानक हादसे के शिकार हो गए। मृतक में दो सगे भाई शामिल है। आशीष कुमार व अंकुर कुमार पिता पद्मलोचन दास रांची हेहल के रहनेवाले थे जबकि तीसरा युवक दीपक गिरी, पिता-अशोक गिरी चान्हो करकट गांव का निवासी था। सभी की उम्र 20-25 के लगभग है। घटना की जानकारी परिजनों को दी गई है। साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया।

### मनी लांड्रिंग मामले में लालू के करीबी पर शिकंजा

# ईडी ने कुर्क की 200 करोड़ रुपये की संपत्ति

एजेंसी




**नई दिल्ली :** ईडी ने मनी लांड्रिंग मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए कोलंबो में निर्माणाधीन लक्जरी होटल और 200 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की कुछ अन्य संपत्तियां कुर्क की हैं। कंपनी पर घर खरीदारों से धोखाधड़ी का आरोप है। कृष रियलटेक प्राइवेट लिमिटेड नामक इस कंपनी का प्रमोटर अमित कत्याल है, जिसे राजद के प्रमुख लालू प्रसाद के परिवार का करीबी सहयोगी माना जाता है। ईडी ने लालू प्रसाद और उनके परिवार से जुड़े जमीन के बदले रेलवे में नौकरी के कथित घोटाले से संबंधित मनी लांड्रिंग के अन्य मामले में 2023 में कत्याल को गिरफ्तार किया था।

ईडी ने कहा कि उसने श्रीलंका के कोलंबो 1 क्षेत्र में निर्माणाधीन लक्जरी होटल और चार एकड़ भूमि पर पट्टे के अधिकार को अस्थायी रूप से कुर्क करने का आदेश जारी किया है। गुरुग्राम के सेक्टर 66 में बादशाहपुर और घसोला गांवों में 19.08 करोड़ रुपये की लगभग 2.82 एकड़ जमीन (गुड अर्थ बिजनेस पार्क प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर) भी कुर्क की गई है।

आरोप है कि अमित कात्याल ने विभिन्न प्लाट खरीदारों और निवेशकों से एकत्र किए गए पैसे को हेराफेरी कर द वन ट्रांसवर्क्स स्क्वायर (प्राइवेट) लिमिटेड (पूर्व में कृष ट्रांसवर्क्स कोलंबो प्राइवेट लिमिटेड) नामक श्रीलंकाई कंपनी को भेज दिया, जो श्रीलंका में लक्जरी रियल एस्टेट परियोजना विकसित कर रही थी। कोलंबो में कुर्क की गई संपत्ति की कीमत 205 करोड़ रुपये है और इसमें लगभग चार एकड़ जमीन और कुछ इमारतों के पट्टे के अधिकार शामिल हैं।

### भ्रष्टाचार मामले में पाक के पूर्व पीएम इमरान खान को 14 साल की जेल

**नई दिल्ली :** पाकिस्तान की एक अदालत ने भ्रष्टाचार मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को दोषी ठहराया है। अदालत ने इमरान खान को 14 साल की जेल की सजा सुनाई है जबकि उनकी पत्नी बुशरा बीबी को सात साल की सजा दी गई है। इसके साथ ही इमरान खान पर 10 लाख रुपये और उनकी पत्नी पर 5 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। अगर यह जुमार्ना नहीं भरा गया तो इमरान खान को 6 महीने और बुशरा बीबी को 3 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।



**क्या है मामला :** यह फैसला अल-कादिर ट्रस्ट में 190 मिलियन पाउंड के गबन के मामले में सुनाया गया है। यह मामला भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) द्वारा दर्ज किया गया था।

### प्रवासियों को स्पेन ले जा रही नाव मोरक्को के पास पलटी

# 40 से ज्यादा की मौत

एजेंसी



**नई दिल्ली :** मोरक्को के पास समुद्र में पाकिस्तानी नागरिकों को अवैध तरीके से ले जा रही नाव के पलटने से 40 लोगों की मौत हो गई। नाव सवार स्पेन जा रहे थे। इस नाव में 80 प्रवासी सवार थे। यह जानकारी पाकिस्तानी अधिकारियों और प्रवासी अधिकार समूह वॉकिंग बॉर्डर्स ने दी है। इस हादसे पर पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने दुख जताया है।

विदेश कार्यालय (एफओ) ने कहा कि 80 यात्रियों को ले जा रही एक नाव मोरक्को के पास पलट गई, जिसमें 40 से अधिक पाकिस्तानी बताए जा रहे हैं। प्रवासी अधिकार समूह वॉकिंग बॉर्डर्स ने कहा कि पश्चिमी अफ्रीका से स्पेन के कैनरी द्वीप तक जाने की कोशिश कर रहे 50 से ज्यादा प्रवासी डूब गए। समूह ने कहा कि मोरक्को के अधिकारियों ने एक दिन पहले ही 36 लोगों को बचाया था, जो 2 जनवरी को मॉरिटानिया से 86 प्रवासियों के साथ रवाना हुई थी, जिसमें 66 पाकिस्तानी शामिल थे। वॉकिंग बॉर्डर्स की सीईओ हेलेना मालेनो ने एक्स पर कहा कि डूबने वालों में से 44 पाकिस्तान के थे।

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मोरक्को में उसका दूतावास स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है। मंत्रालय ने बयान में कहा, ह्यराबत (मोरक्को) में हमारे दूतावास ने हमें सूचित किया है कि मॉरिटानिया से रवाना हुई 80 यात्रियों को ले जा रही एक नाव, जिसमें कई पाकिस्तानी नागरिक भी शामिल हैं, मोरक्को के दखला बंदरगाह के पास पलट गई। इसमें पाकिस्तानियों सहित कई जीवित बचे लोग दखला के पास एक शिविर में ठहरे हुए हैं। इस हादसे पर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने संवेदना व्यक्त की। उन्होंने ट्वीट कर कहा मानव तस्करी जैसे घिनौने अपराधों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी ।

प्रधानमंत्री शरीफ ने मानव तस्करों और एजेंटों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए इसे निर्दोष नागरिकों के जीवन के साथ खिलवाड़ बताया और ऐसे मामलों पर रोक लगाने की बात कही।


वहीं, वॉकिंग बॉर्डर्स ने कहा कि उसने लापता नाव के बारे में छह दिन पहले सभी संबंधित देशों के अधिकारियों को सचेत कर दिया था। एक गैर सरकारी संगठन- अलार्म फोन, जो समुद्र में खोए प्रवासियों के लिए आपातकालीन फोन लाइन प्रदान करता है, ने भी कहा कि उसने संकट में फंसी नाव के बारे में 12 जनवरी को स्पेन की मैरीटाइम रेस्क्यू सर्विस को सचेत कर दिया था।

वॉकिंग बॉर्डर्स के अनुसार, 2024 में स्पेन पहुंचने की कोशिश में रिकॉर्ड 10,457 प्रवासी, या प्रतिदिन 30 लोग मारे गए, जिनमें से अधिकांश मॉरिटानिया और सेनेगल जैसे पश्चिमी अफ्रीकी देशों से कैनरी द्वीप तक अटलांटिक मार्ग पार करने का प्रयास करते समय मारे गए।

### पीएम मोदी ने किया ऑटो एक्सपो का उद्घाटन, कहा-

# पिछले साल में 12% की दर से आगे बढ़ी ऑटो इंडस्ट्री

एजेंसी





**नई दिल्ली :** भारत मंडपम में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत की ऑटोमोटिव इंडस्ट्री जबरदस्त भी है और भविष्य के लिए तैयार भी है। भारत की ऑटो इंडस्ट्री पिछले साल में लगभग 12% की दर से आगे बढ़ी है। इतनी कई देशों की आबादी नहीं है जितनी भारत में हर साल गाड़ियां बिक रही हैं। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो का इस साल विस्तार हुआ है। पिछले साल 800 से अधिक प्रदर्शकों ने भाग लिया था और 1.5 लाख से अधिक लोगों ने दौरा किया था। इस बार भारत मंडपम के साथ-साथ द्वारका के यशोभूमि और ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में इसका आयोजन किया जा रहा है।

पीएम मोदी ने कहा कि कई नई गाड़ियां लॉन्च की जाएंगी: गतिशीलता के भविष्य को लेकर भारत में सकारात्मकता है। भारत का ऑटोमोटिव उद्योग शानदार और भविष्य के लिए तैयार है। एक्सपो 9 से अधिक समवर्ती शो, 20 से अधिक सम्मेलन और मंडपों की मेजबानी करेगा। इसके अलावा, एक्सपो में उद्योग और क्षेत्रीय स्तरों के बीच सहयोग को सक्षम करने के लिए गतिशीलता क्षेत्र में नीतियों और पहलों को प्रदर्शित करने के लिए राज्य सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। पीयूष गोयल ने कहा कि भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025' के उद्घाटन कार्यक्रम में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि अगले वर्ष तक यह विश्व का सर्व प्रथम सर्वश्रेष्ठ और पूरे सेक्टर के लिए दुनिया में वन स्टॉप डेस्टिनेशन बनकर उभरेगा। भारत मोबिलिटी 2025 इंडिया स्टोरी को दुनिया के सामने पेश करता है, जो इन्वेस्टमेंट्स और हमारे निर्यात को बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### पुणे के नारायणगांव में भीषण सड़क हादसा

## कार को ट्रक ने पीछे से मारी टक्कर, नौ की मौत

**मुंबई :** महाराष्ट्र में शुक्रवार सुबह भीषण सड़क हादसा हआ। हादसा पुणे के नारायणगांव के पास हुआ। जानकारी के मुताबिक, यहां एक तेज रफ्तार ट्रंक ने कार को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में नौ लोगों के मौत की खबर है। पुणे ग्रामीण पुलिस एसपी पंकज देशमुख ने बताया कि पुणे के नारायणगांव इलाके में सड़क दुर्घटना में नौ लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना तब हुई, जब एक ट्रक ने पीछे से एक कार को टक्कर मार दी, जो आगे वहां खड़ी एक बस से टकरा गई। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

### छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षा बलों की बड़ी कार्रवाई

# मुठभेड़ में मार गिराए 17 नक्सली

एजेंसी



**छत्तीसगढ़ :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले और तेलंगाना के संयुक्त अभियान में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 17 नक्सली ढेर हो गए है। बीजापुर में गुरुवार सुबह करीब नौ बजे से शुरू हुई मुठभेड़ आज खत्म हो गई। घटना स्थल से जवानों की टीम वापसी कर रही है। पुजारी कांकेर और मारुडबाका के जंगलों में हुई मुठभेड़ में 17 नक्सली ढेर हुए हैं जिसमें से 12 के शव बरामद भी कर लिए गए हैं। वहीं, डीआरजी का एक जवान घायल भी हुआ है। 1100 से ज्यादा सुरक्षाकर्मी बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा के डीआरजी के जवान भी शामिल हैं इस अभियान का हिस्सा थे। इसके अलावा, कोबारा बटालियन के सीआरपीएफ जवानों का भी इस ऑपरेशन में सहयोग रहा।

मुठभेड़ का यह इलाका तेलंगाना राज्य की सीमा से सटा हुआ है। दरअसल, बीजापुर और तेलंगाना की सीमा पर तीन जिलों के नक्सलियों के खिलाफ जवान बड़ा ऑपरेशन चला रहे हैं। गुरुवार को सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी।

न्यूज ब्रीफ

## एनडीपीएस एक्ट पर दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम



**रांची :** एनडीपीएस एक्ट पर दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन रांची पुलिस लाइन में गुरुवार को किया गया। अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय होटवार रांची और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो रांची की संयुक्त टीम के द्वारा विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के द्वारा उद्घाटन किया गया। इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत जिलों में हो रहे अफीम की अवैध खेती की रोकथाम के लिए सैटेलाइट इमेज से संबंधित विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले में पदस्थापित पुलिस डीएसपी, इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर ने भाग लिया। इससे पूर्व यह विशेष प्रशिक्षण से चतरा, पश्चिम सिंहभूम, खूंटी जिला में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को प्रशिक्षित किया गया है और निकट भविष्य में शीघ्र ही राज्य के अन्य जिलों में भी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## चौकीदार बहाली के तहत शारीरिक दक्षता परीक्षा शुरू



**धनबाद:** जिला अंतर्गत चौकीदारों के रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति के लिए 29 दिसंबर को हुई लिखित परीक्षा के बाद सफल अभ्यर्थियों की शारीरिक जांच गुरुवार को मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मेमको मोड़ में शुरू हुई। इस दौरान उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने शारीरिक दक्षता परीक्षा का निरीक्षण किया। नियमों का करें पालनः उपायुक्त ने शारीरिक दक्षता परीक्षा कार्य में लगे सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को चौकीदार बहाली के तहत निर्धारित नियमों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पूरी पारदर्शिता बरतने का निर्देश दिया। वहीं परीक्षा में भाग ले रहे सभी अभ्यर्थियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। कुल 527 सफल अभ्यर्थियों को शारीरिक जांच के लिए बुलाया गया है। इनमें से 496 अभ्यर्थी ही उपस्थित हुए। इनमें 11 दिव्यांग अभ्यर्थी शामिल थे। शारीरिक जांच में कुल 118 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए। इनमें से 99 पुरुष व 19 महिला अभ्यर्थी हैं। मौके पर एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, नजारत उप समाहर्ता दीपक दुबे सहित कई उपस्थित थे।

## युवक का शव बरामद



**मुरीः** मुरी निवासी गोपी कुमार पिता छोटु पासवान को ओरमांझी पुलिस ने इरबा पनाह लॉज से फांसी के फंदे पर लटका बरामद किया। पोस्टमार्टम के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। गोपी के संबंध में उसका भाई ने बताया कि गोपी अपने मां को रांची जाने नाम पर बोल कर निकला,पर देर रात नहीं लौटा था। गोपी पढ़ा लिखा ग्रेजुएशन किया था, उम्र लगभग 24 बरस था। पिता छोटु पासवान मोटरसाइकिल मैकेनिक है। थोड़ा बीमार रहते हैं। अपना घर लोसेरा में है।

## हजारीबाग सदर के पूर्व एसडीओ अशोक कुमार पर कसा जांच का शिकंजा

**हजारीबागः** तत्कालीन एसडीओ अशोक कुमार के साले राजू कुमार गुप्ता के आवेदन पर डीजीपी अनुराग गुप्ता ने संज्ञान लिया है। उन्होंने हजारीबाग रेंज के डीआईजी को पत्र लिखकर इस मामले की समीक्षा कर आगे की कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। हजारीबाग सदर के तत्कालीन एसडीओ अशोक कुमार पर उनकी पत्नी अनीता देवी को जिंदा जलाकर मारने का आरोप है।
झारखंड के डीजीपी ने तत्कालीन एसडीओ अशोक कुमार के साले राजू कुमार गुप्ता के आवेदन पर संज्ञान लिया है। इसके बाद अशोक कुमार पर जांच का शिकंजा कसने वाला है। पूर्व में मृतका के भाई राजू कुमार गुप्ता ने लोहसिंघना थाना में आवेदन देकर एसडीओ पर जलाकर मारने का आरोप लगाया था।
एसपी अभियान ने डीजीपी कार्यालय से लिखे उक्त पत्र में कहा है कि आवेदक राजू कुमार गुप्ता द्वारा महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक झारखंड के समक्ष उपस्थित होकर अभ्यावेदन समर्पित किया है। जिस पर महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक द्वारा विषयांकित कांड में की जा रही जांच की समीक्षा अपने स्तर से कराने और कांड के अनुसंधानकर्ता, पुलिस निरीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस अधीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश निर्गत करने आदेश दिया है। कहा गया है कि प्राप्त अभ्यावेदन पर महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक के निर्देश के आलोक में अग्रेतर कार्रवाई करें।
पूर्व एसडीओ अशोक कुमार की पत्नी अनीता देवी 26 दिसंबर की सुबह जल गई थी। जिसे लगभग 7:30 बजे आरोग्यम हॉस्पिटल ले जाया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बोकारो जनरल हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया था। जहां चिकित्सकों ने बताया था कि वह 65 फीसदी जल गई है। चिकित्सकों ने अनीता को रांची रेफर कर दिया था। रांची के देवकमल हॉस्पिटल में अनीता देवी को एडमिट कराया गया था। जहां 27 दिसंबर की रात उन्होंने इलाज के क्रम में दम तोड़ दिया था। इस संबंध में तत्कालीन एसडीओ के साले राजू कुमार गुप्ता ने एफआईआर दर्ज करायी थी। जिसमें एसडीओ, एसडीओ के पिता, छोटा भाई और देवरानी पर जलाकर मारने का आरोप लगाया था। राजू कुमार गुप्ता ने कहा है कि अब तक जो बयान सामने आए हैं उसमें एसडीओ और उनके पिता के बयान में काफी विरोधाभास है। दोनों पति-पत्नी में पूर्व से चले आ रहे विवाद से स्पष्ट है कि अनीता को जलाकर मारा गया है।13 जनवरी को पीड़ित परिवार ने समाहरणालय परिसर के सामने एक दिवसीय धरना देकर विरोध जताया था. परिजनों का आरोप था कि प्रशासन पूरे मामले में लीपापोती करने का काम कर रहा है।

### जमीन रसीद प्राप्त करने के लिए अब नहीं काटना होगा सरकारी दफ्तरों का चक्कर

# बार कोड से कटेगी जमीन की रसीद



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** झारखंड के राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने बृहस्पतिवार को संबंधित अधिकारियों से कहा कि वे दाखिल-खारिज समेत भूमि संबंधी कार्यों को सेवा के अधिकार कानून के तहत लाएं, ताकि ये सेवाएं समय पर प्रदान की जा सकें। उन्होंने जनता की सुविधा तथा राजस्व संग्रहण में सुधार के लिए भूमि संबंधी सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। राज्य के भूमि एवं राजस्व मंत्री बिरुआ परियोजना भवन में स्थित अपने कार्यालय में सभी प्रमंडलीय आयुक्तों और विभागीय सचिव के साथ ऑनलाइन बैठक को संबोधित कर रहे थे।
भूमि रसीद प्राप्त करने के लिए बार कोड प्रणाली की सुविधा देगी सरकार
इस दौरान राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि फिलहाल लोगों को भूमि रसीद प्राप्त करने में असुविधा होती है और उन्हें अक्सर अदालतों व कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, बिरुआ ने कहा, इस समस्या से निपटने के लिए लोगों को जल्द ही बार कोड प्रणाली की सुविधा दी जाएगी, जिससे निवासी सीधे अपने मोबाइल फोन के माध्यम से भूमि रसीद प्राप्त कर सकेंगे। इससे लोगों के कई स्थानों पर जाने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी।"
बैठक के दौरान चाईबासा के आयुक्त ने जमशेदपुर जिले की कंपनियों से 2000 करोड़ रुपये के बकाये की वसूली के संबंध में प्रस्ताव रखा। बिरुआ ने इस मुद्दे पर संज्ञान लेते हुए कहा कि यदि ऐसे कई मामलों का समाधान हो जाए तो राज्य के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। उन्होंने हरमू नदी के किनारे अतिक्रमण पर चिंता व्यक्त की और अधिकारियों से नदी की रक्षा करने तथा और अधिक नुकसान को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की अपील की।

## स्वास्थ मंत्री ने एसएनएमएमसीएच का किया निरीक्षण, कुव्यवस्था देख हुए नाराज



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**धनबादः** स्वास्थ मंत्री इरफान अंसारी ने प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह व रांची के डॉक्टर की टीम के साथ रठटटउळ का निरीक्षण किया। करोड़ों की लागत से बने सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल की वस्तुस्थित का जायजा लिया,ताकि उसकी शुरूआत की जा सके।
डॉक्टर्स के साथ की बैठक
बता दें कि सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल के शुरू होने की डेड लाइन तय हो गई है। छह महीने के अंदर डॉक्टर की कमी को दूर करने से लेकर तमाम कमियां को दूर कर सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल शुरू कर दी जाएगी। वहीं अस्पताल के डॉक्टर्स के साथ भी बैठक की। डॉक्टर्स की बैठक के बाद मंत्री इरफान अंसारी ने अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। अस्पताल के निरीक्षण के दौरान प्रधान सचिव उनके साथ मौजूद थे। मंत्री ने अस्पताल में कमियां पाई, जिसके बाद अधीक्षक की क्लास भी लगाई।
मरीजों से जानकारी लीः सबसे पहले मंत्री इमरेंसी परिसर में स्थित फीमेल वार्ड का निरीक्षण किया। मरीजों से बातचीत कर,उनका हाल चाल लिया। डॉक्टर आते हैं या नहीं मरीजों से जानकारी ली। फीमेल वार्ड में बेड पर अच्छी गुणवत्ता वाली चादर नहीं मिलने पर नाराजगी जताई। बेड की स्थित देखकर वह नाराज हुए।
ओपीडी के आर्थो वार्ड की दशा देखकर बिफरे मंत्री : वहीं ओपीडी का भी मंत्री ने निरीक्षण किया। ओपीडी के आर्थो वार्ड में अंदर घुस गए। यहां की दुर्दशा देख वह बिफर पड़े। एसएनएमएमसीएच अधीक्षक संजय कुमार चौरसिया को बुलाया और मंत्री ने उनकी क्लास भी लगाई। स्थिति देखकर उन्होंने अधीक्षक को कहा कि ऐसे में कोई आयेगा। इतना हमलोग खर्च करते हैं,उसके बाद यह हाल बनाकर रखा है।

## आठवें वेतन आयोग के गठन की मंजूरी पर सुनील सिंह ने केंद्र के प्रति जताया आभार

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी सह राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने केंद्र सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी प्रदान करने के लिए मोदी सरकार के प्रति आभार जताया है। भाजपा नेता सुनील कुमार सिंह ने कहा कि इससे कर्मचारियों और पेंशनधारियों को लाभ मिलेगा। यह 1 जनवरी 2026 से लागू होगा। देखना यह है कि आयोग सही समय पर रिपोर्ट पेश करता है, या नहीं! आशा है कि आयोग द्वारा सही समय पर ही रिपोर्ट पेश किया जाएगा। कहा कि आयोग की सिफारिश लागू होने पर झारखंड में कार्यरत 21हजार केंद्रीय कर्मियों समेत देशभर में सेवारत 45 लाख और सेवानिवृत्ति 68 लाख यानी कुल 1 करोड़ 13 लाख केंद्रीयकर्मियों को लाभ मिलेगा। श्री सिंह ने कहा कि वेतन आयोग हर 10 वर्ष में लागू किया जाता है। सातवें वेतन आयोग का गठन वर्ष 2014 में किया गया था। और इसकी सिफारिश 1 जनवरी 2016 से लागू हुई थी। इसमें करीब एक करोड़ केंद्रीय कर्मियों एवं पेंशनधारियों को लाभ हुआ था। सातवें वेतनमान लागू होने से वित वर्ष 2016- 2017 में खर्च में करीब 1 लाख करोड रुपए की वृद्धि हुई थी। उन्होंने कहा की आजादी के बाद देश की आर्थिक तरक्की के साथ सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों के वेतनमान में लगातार वृद्धि होती गई। अभी तक गठित वेतन आयोग की सिफारिश को देखा जाए तो आजादी के 78 वर्षों में न्यूनतम वेतनमान में 32,627% से अधिक की वृद्धि हुई है। वही अधिकतम वेतनमान में 12,500% का इजाफा हुआ है। अब आठवें वेतन आयोग को हरी झंडी मिलने के बाद सरकारी कर्मचारियों को फिर से



बड़ी सौगात मिलने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि पहले वेतन आयोग 1947 में आया जिसमें कर्मचारियों का न्यूनतम मासिक वेतन 55 और अधिकतम 2000 रूपये रखा गया था। वहीं 2016 में लागू की गई सातवें वेतन आयोग की सिफारिश के जरिए न्यूनतम वेतन 18 हजार रुपए और अधिकतम 2.5 लाख रुपये मासिक कर दिया गया। अभी तक गठित वेतन आयोग की सिफारिश को देखा जाए तो समय के साथ सरकारी कर्मियों को मिलने वाले वेतन मान के साथ अन्य भत्तों में भी खासा इजाफा हुआ है। सातवें वेतन आयोग से वेतन वृद्धि व अन्य तरह के लाभ प्रदान किए गए हैं। श्री सिंह ने कहा कि आठवें वेतन आयोग की मंजूरी देते हुए यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमें सरकारी कर्मचारियों के प्रयासों पर गर्व है जो विकसित भारत के निर्माण के लिए काम करते हैं। आठवें वेतन आयोग से उपभोग को बढ़ावा मिलेगा और जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा।

## आरबी फाउंडेशन ने जरूरमंदों के बीच किया कंबल का वितरण



### मंत्री दीपिका पांडे ने की फाउंडेशन की सहराना

**नामकुमः** जोरार रेलवे स्टेशन स्थित महावीर मंदिर परिसर में आरबी पांडेय मेमोरियल फाउंडेशन की ओर से सैकड़ो की संख्या में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस मौके पर मंत्री दीपिका पांडे सिंह को को फाउंडेशन के अध्यक्ष सह कांग्रेस के वरीय नेता जिला उपाध्यक्ष रमेश पांडे ने माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दीपिका पांडे ने कहा कि सरकार हर गरीब लोगों को हर सुविधा मुहैया कराने के लिए संकल्प है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से फाउंडेशन द्वारा विगत कई वर्षों से यहां पर जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल करते आ रही हैं, वह अति सहरानीय कार्य कर रही है। इसी तरह से प्रत्येक व्यक्ति को अपने-अपने स्तर से जरूरतमंद लोगों के मदद करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार योजनाओं तहत हर लोगों को मदद पहुंचाने का कार्य कर रही है। फाउंडेशन के अध्यक्ष सह रांची जिला उपाध्यक्ष रमेश पांडे ने कहा कि फाउंडेशन की 10 वर्षों से अधिक समय से सैकड़ो की संख्या में जरूरतमंद लोगों को कंबल का वितरण करती आ रही है। इस मौके आत्मा पांडे, सुनील यादव, सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।

## कामरेड राम साहु का निधन, शोक

**मुरी :** पिछले 25 वर्षों से माकपा सदस्य सह किसान सभा के नेता कामरेड राम साहु( 50 वर्ष) के निधन से शोक की लहर फैल गई है। कामरेड के शवयात्रा में माकपा झारखंड राज्य राज्य सचिव मंडल सदस्य सह, झारखंड राज्य किसान के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो , माकपा जिला कमिटी सदस्य अमर महली, अरूण महतो , सिल्ली माकपा संस्थापक सह माकपा नेता बद्री नारायण साहु,लोकल कमिटी सदस्य संतोष कुम्हार, सदानंद सोनार,रबि सोनार, शशि शंकर सोनार, हिरा साहु,कमल साहु, सुधीर साहु सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए। स्वर्ण रेखा नदी तट पर 2 मिनट मौन रख कर श्रद्धांजलि देने के साथ सम्मान पूर्वक दाह संस्कार किया गया। माकपा झारखंड राज्य सचिव मंडल सदस्य,सह झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो ने कहा कामरेड गत 25 वर्षों से पार्टी सदस्य ,व किसान सभा के जुझारू व संघर्ष शील सदस्य रहे, पार्टी एवं किसान सभा के प्रति उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा।

## बडा चांगडु में नील गिरि मेला आज



मेट्रो रेज संवाददाता

मुरी : सिल्ली प्रखंड के बडा चांगडु में आज नील गिरि पर्वत पर नील गिरि मेला लगाया गया। पर्वत के ऊपरी हिस्से में सुबह से ही श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा पाठ की। अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। पर्वत के नीचे तराई भाग में हर तरह की दुकान सजी हुई है। ग्रामीण परिवेश की सामग्री देखने को मिलता है। स्थानीय स्तर के सम्मानित लोग बताते हैं कि काफी सालों से लगने वाली नील गिरि मेला प्राकृति और सांस्कृतिक का अद्भुत संगम है क्योंकि पर्वत के उपरी हिस्से से कांची,राढु और स्वर्णरिखा नदी से धिरी हुई,उपर से देखने पर प्राकृतिक छटा का मनोरम दृश्य का अहसास होता है। यहां पतराहातु,करिया डीह,अडाल नवाडीह ,दोवाडु,बडा चागडु, छोटा चागडु, बन्ता,हजाम आदि आसपास के हजारों की संख्या में ग्रामीण अपने परिवार के साथ एक से बढ़कर एक टुसु लिए मेले में पहुंचे। पारंपरिक गीत संगीत और ढोल नगाड़े की गूंज टुसु की प्रदर्शनी मेला में चार चांद लगा दिए।

## चोरी की बाइक के साथ पकड़ाया युवक, पुलिस ने भेजा जेल

चान्होः चोरी की बाइक के साथ पकड़े गए शुभम भगत को चान्हो पुलिस ने गुरुवार को जेल भेज दिया। शुभम भगत चान्हो के सिलागाई गांव का निवासी है।पुलिस सूत्रों के अनुसार, बुधवार की शाम थाना गेट के पास वाहन चेकिंग अभियान चल रहा था। इस दौरान शुभम भगत सफेद रंग की एक बाइक लेकर पहुंचा। जब पुलिस ने उससे बाइक के कागजात मांगे, तो वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने बाइक की जांच की और पता चला कि वह बाइक चोरी की है।पुलिस ने बाइक को जब्त करते हुए शुभम भगत को गिरफ्तार कर लिया। आगे की जांच में यह भी सामने आया कि शुभम भगत पहले भी नारकोपी थाना क्षेत्र में आर्म्स एक्ट के मामले में जेल जा चुका है।पुलिस ने शुभम भगत के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले की जांच जारी है।

## पासवा अध्यक्ष ने की गुटखा, तंबाकू और सिगरेट पर प्रतिबंध को प्रभावी बनाने की मांग

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने झारखण्ड के मुख्य मंत्री हेमन्त सोरेन एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव व झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रभारी गुलाम अहमद मीर को पत्र लिखकर राज्य में गुटखा, तंबाकू और सिगरेट पर प्रतिबंध प्रभावी तरीके से लागू करने की मांग की है।
पत्र में श्री दूबे ने कहा कि झारखंड सरकार ने गुटखा,तंबाकू और सिगरेट पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया था, लेकिन इसके बावजूद इन उत्पादों की बिक्री और सेवन खुलेआम हो रहा है। यह न केवल सरकारी आदेशों का उल्लंघन है, बल्कि राज्य के बच्चों और युवाओं के स्वास्थ्य को भी गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है।
उन्होंने विशेष रूप से चिंता व्यक्त की कि स्कूलों के छात्र और युवा वर्ग स्कूल से निकलने के बाद गुटखा, तंबाकू और अन्य नशे के पदार्थों का सेवन करने लगे हैं, जिससे उनके माता-पिता, चाहे वे किसी भी वर्ग से हों,परेशान



हैं। कई बार बच्चों के दंडित होने के बाद मानसिक तनाव के कारण वे आत्महत्या जैसे घातक कदम उठा लेते हैं।
श्री दूबे ने यह भी बताया कि तंबाकू और गुटखा की लत के बाद कई युवा ड्रग्स का सेवन करने लगते हैं, जिससे इंट्रावेनस ड्रग ट्रांसमिशन का कारण बनता है और एचआईवी/एड्स जैसी गंभीर बीमारियों का संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ता है।
उन्होंने गुलाम अहमद मीर एवं मुख्य मंत्री से आग्रह किया कि राज्य में गुटखा, तंबाकू और सिगरेट पर लगे प्रतिबंध को प्रभावी रूप से लागू किया जाए और नशीले पदार्थों के अवैध व्यापार को रोकने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जाए, ताकि झारखंड की युवा पीढ़ी को एक सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य मिल सके।
पासवा अध्यक्ष ने गुलाम अहमद मीर से सकारात्मक हस्तक्षेप की उम्मीद जताई है, ताकि राज्य के नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा और समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके।

खुशखबरी: सुधरेगी एचईसी की स्थिति, उद्योग मंत्रालय हुआ गंभीर

रांची: एचईसी कर्मचारियों के लिए खुशखबरी की संभावना बढ़ गई है। उद्योग मंत्रालय के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि मंत्रालय एचईसी के भविष्य को लेकर गंभीर है और इसके लिए महत्वपूर्ण बातचीत शुरू हो गई है। पिछले एक महीने में देश की दो बड़ी कंपनियों भेल और एलएंडटी के साथ एचईसी के विलय और अधिग्रहण को लेकर बातचीत हुई है। इसमें कंपनी की उपयोगिता, संसाधन, कार्यक्षेत्र और देनदारी पर गहन चर्चा हुई है। मालूम हो कि एचईसी कर्मचारियों का 29 महीने का वेतन लंबित हो गया है, जिससे उनकी स्थिति गंभीर हो गई है।

## फ्लाईओवर के लिए मेगा ब्लॉक

# रांची से चलने वाली 10 ट्रेनें रद्द, देर से चलेंगी वंदे भारत सहित कई ट्रेनें

संवाददाता

**रांची:** झारखंड की राजधानी रांची के रांची और हटिया रेलवे स्टेशनों से चलने वाली 10 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। वंदे भारत समेत 3 ट्रेनों को बदले रास्ते से चलाने का फैसला किया गया है। दक्षिण पूर्व रेलवे रांची मंडल के मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी निशांत कुमार ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया है कि मेकन-सिरमटोली फ्लाईओवर के निर्माण के लिए रांची रेल मंडल की ओर से तीसरा ब्लॉक लेने की तैयारी की जा रही है। इसकी वजह से 10 यात्री ट्रेनों को 11 से 13 दिनों तक के लिए रद्द कर दिया गया है। 3 ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जायेगा।

इन ट्रेनों का रूट बदला गया: उन्होंने बताया कि पोत्तनूर-बरौनी स्पेशल ट्रेन (06055) को 18 जनवरी और 25 जनवरी 2025 को और मालदा टाउन-सूरत एक्सप्रेस (13425) ट्रेन को 25 जनवरी 2025 को, जबकि रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल एक्सप्रेस (07052) ट्रेन को 21 जनवरी 2025 और 28 जनवरी 2025 को परिवर्तित मार्ग से चलाय जाएगा। ये ट्रेनें राउरकेला, सिनी, चांडिल, मुरी, कोटशिला होकर चलेंगी।

रांची-वाराणसी वंदे भारत सहित 3 ट्रेनें 31 जनवरी तक देर से जाएगी: रांची-वाराणसी-रांची वंदेभारत एक्सप्रेस (20887) ट्रेन को 20 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक अपने निर्धारित समय की जगह पर 30 मिनट विलंब से रवाना होगी। रांची रेल मंडल के सीनियर डीसीएम ने बताया कि इससे पहले फ्लाईओवर निर्माण को लेकर 2 बार ब्लॉक लिया जा चुका है। दूसरी बार लिये गये ब्लॉक की अवधि 19 जनवरी 2025 को समाप्त हो रही है।



### इन ट्रेनों को किया गया है रद्द

* हटिया-टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस (18602/18601) ट्रेन 20 जनवरी से 02 फरवरी तक रद्द रहेगी।
* रांची-हावडा-रांची एक्सप्रेस (18628/18627) ट्रेन 20 जनवरी से 31 जनवरी तक रद्द रहेगी।
* हटिया-टाटानगर मेमू (68036) ट्रेन 19 जनवरी से 30 जनवरी तक रद्द रहेगी।

टाटानगर-हटिया मेमू (68035) ट्रेन 20 जनवरी से 31 जनवरी तक रद्द रहेगी।

* वर्द्धमान-हटिया एक्सप्रेस (13503) ट्रेन 19 जनवरी से 30 जनवरी तक रद्द रहेगी।
* हटिया- वर्द्धमान एक्सप्रेस (13504) ट्रेन 20 जनवरी से 31 जनवरी तक रद्द रहेगी।
* हटिया-झारसुगुड़ा-हटिया एक्सप्रेस (18175/18176) ट्रेन 20 जनवरी से 31 जनवरी तक रद्द रहेगी।
* रांची-बोकारो स्टील सिटी-रांची मेमू (58034/58033) ट्रेन 20 जनवरी से 02 फरवरी तक रद्द रहेगी।
* हटिया-सांकी-हटिया मेमू (58663/58664) ट्रेन 20 जनवरी से 02 फरवरी तक रद्द रहेगी।
* हटिया-सांकी-हटिया मेमू (58665/58666) ट्रेन 20 जनवरी से 02 फरवरी तक रद्द रहेगी।



## 10 दिवसीय राष्ट्रीय पुस्तक मेला आज से, पुस्तक प्रेमियों का लगेगा जमावड़ा

**रांची:** राजधानी रांची के जिला स्कूल मैदान में समय इंडिया, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य अभिलेखागार निदेशालय, पटना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 10 दिवसीय राष्ट्रीय पुस्तक मेले का आज शुभारंभ होने जा रहा है। लगभग मेले में किताबों के 80 स्टालस लगाए गए हैं। मेले का विधिवत शुभारंभ आज अपराह्न 3:30 बजे मुख्य अतिथिद्वय राज्यसभा सांसद एवं सुप्रसिद्ध साहित्यकार महुआ माजी और विधायक सीपी सिंह के उद्बोधन से होगा। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार उपस्थित रहेंगे ।

शुभारंभ समारोह के साथ ही पुस्तक प्रेमियों के आने का सिलसिला शुरू होगा जो 26 जनवरी तक जारी रहेगा । यहाँ पुस्तक प्रेमी प्रतिदिन प्रातः 11:00 बजे से रात्रि 7:30 बजे तक पुस्तकों को उलट-पलट सकेंगे, अपनी पसंद की पुस्तकें चुन और खरीद सकेंगे । समय इंडिया (रजि), नई दिल्ली के प्रबंध न्यासी चन्द्र भूषण ने आज बताया कि पुस्तक मेले में आने वाले पुस्तक प्रेमियों को प्रवेश के लिए 10 रुपये की सहयोग राशि देनी होगी लेकिन स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों को सोमवार से शुक्रवार, प्रातः 11 बजे से 2 बजे के बीच अपना आई कार्ड दिखाने पर निशुल्क प्रवेश मिलेगा।



## शहीद पांडेय गणपत राय की जयंती मनी

मेट्रो रेज

**रांची:** शहीद स्मारक समिति द्वारा शहीद पांडेय गणपत राय की 216 वीं जयंती मनाई गई । इस समारोह में शहीद पांडेय गणपत राय के जीवनी पर प्रकाश डाला गया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति के सचिव डॉ राम प्रवेश, शिक्षाविद हरविंदर वीर सिंह, विमल किशोर, शंकर आजाद, वीरेंद्र कुमार सिंह, किशन अग्रवाल, रवि दत्त, हरदीप सिंह, आजम अहमद , पशुपति नाथ सिंह, मो इसराइल खालिद, अयाज अख्तर, सोनू, आदित्य मोनू सहित अनेक लोगों ने शहीद पांडेय गणपत राय के 1857 की क्रांति में अमूल्य योगदान को याद किया और पुष्प अर्पित किया गया ।मुख्य कार्यक्रम लोहरदगा जिले के भंडरा प्रखंड में मनाई जा रही है यहां शहीद पांडेय गणपत राय का जन्म स्थल है शहीद के सम्मान में भंडरा प्रखंड आदर्श गांव के रूप में स्थापित ग्राम में जिला प्रशासन द्वारा विकास मेला भी आयोजित किया गया।



## खुशबू मोबाइल एंड एसेसरीज का उद्घाटन



मेट्रो रेज

**रांची:** शिवाजी चौक बूटी मोड़ एसबीआई के निकट आज खुशबू मोबाइल एंड एसेसरीज का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज रांची सह छात्र क्लब ग्रुप के मुख्य संयोजक अध्यक्ष संतोष कुमार श्रेयांस ने किया।

मौके पर खुशबू मोबाइल के प्रबंधक सह निदेशक अवधेश शर्मा ने कहा कि इस प्रतिष्ठान में एक छत के नीचे मोबाइल के सारे रेंज उपलब्ध रहेंगे। साथ ही गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान रखा जाएगा।

इस मौके पर विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा सहित विश्वकर्मा समाज के मनोज विश्वकर्मा,दीपक राणा,राम एकवाल शर्मा, विश्वकर्मा जीवन कल्याण समिति अध्यक्ष पिंटू शर्मा, प्रगतिशील विश्वकर्मा सेवा समिति के अरविन्द शर्मा,नंदू शर्मा,भुषण शर्मा,हरि किशोर शर्मा,रितेश शर्मा,अजित शर्मा, जितेंद्र शर्मा,कर्ण शर्मा, योगेश शर्मा, कृष्णा शर्मा,कैलाश शर्मा, संजय शर्मा,लखन शर्मा रमेश शर्मा,देशरथ शर्मा, रंजीत शर्मा, नंदकिशोर शर्मा,शंकर शर्मा, निर्मला शर्मा,रूबी शर्मा, पुनम जी,रविता शर्मा, अमृता शर्मा,गुड़ीया शर्मा आदि विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित थे।

## आईपीएस अधिकारियों की सेवा रिव्यू के लिए आईएएस मीणा सदस्य मनोनीत



मेट्रो रेज

रांची: भारतीय पुलिस सेवा के झारखंड संवर्ग के पदाधिकारी के सेवा अभिलेख की गहन समीक्षा के लिए गठित रिव्यू कमेटी के प्रधान सचिव स्तर के पदाधिकारी योजना विकास विभाग के प्रधान सचिव मस्त राम मीणा को (अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति का सदस्य)सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। बता दें कि भारतीय सेवाएं मृत्यु शह निवृत्ति लाभ नियमावली नहीं मिलती लाभ नियमावली 1958 16 त कार्मिक मंत्रालय भारत सरकार के आलोक में यह निर्णय लिया गया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

## 2025 में राज्य के सभी घरों में लगाएं जायेंगे स्मार्ट, सरकार ने शुरू की तैयारी

संवाददाता

**रांची:** इस वर्ष झारखंड के सभी बिजली उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाये जायेंगे। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने यह काम शुरू कर दिया है। दूसरे चरण में 13.41 बिजली उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाये जायेंगे। इसमें ज्यादातर शहरी क्षेत्र के उपभोक्ता हैं। रांची और धनबाद में पहले से ही स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। रांची में 3.50 लाख घरों में स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य है, जिसमें 3 लाख घरों में स्मार्ट मीटर लग चुके हैं। वहीं, धनबाद में एक लाख घरों में मीटर लगाना है, जिसमें 75 हजार घरों में मीटर लग चुके हैं। दूसरे चरण में रांची व धनबाद में भी 40-40 हजार अतिरिक्त उपभोक्ताओं के घरों में मीटर लगाये जायेंगे। केंद्र सरकार की आरडीएसएस स्कीम के तहत राज्य भर के सभी बिजली उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाये जाने हैं। राज्यभर में 46.48 लाख घरेलू उपभोक्ता हैं।



**स्मार्ट प्रीपेड मीटर के क्या होंगे लाभ?**

स्मार्ट प्रीपेड मीटर को एक्यूरेट रीडिंग के लिए जाना जाता है। उपभोक्ता जितनी बिजली खपत करना चाहते हैं, उसकी एक अनुमानित राशि पूर्व में ही री-चार्ज कराके जमा कर सकते हैं। वे जेबीवीएनएल की वेबसाइट अथवा कंज्यूमर सेल्फ केयर ऐप में जाकर लाइव खपत, लोड आदि की जानकारी ले सकते हैं। यदि उपभोक्ता कहीं बाहर जा रहे हैं, तो वह वेबसाइट पर इसकी सूचना देकर अपनी बिजली आपूर्ति बंद करा सकते हैं अथवा मेन स्विच ऑफ करके जा सकते हैं।

**घाटा कम करने के लिए निगम लगा रहा स्मार्ट मीटर:** जेबीवीएनएल का अभी एंटीएंडसी लॉस करीब 25-30 प्रतिशत के आसपास है। इसे कम करने के लिए स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे हैं। इस मीटर में एक डिवाइस लगा होता है, जिससे इसकी ऑनलाइन मॉनिटरिंग जेबीवीएनएल मुख्यालय से की जाती है। मीटर की ऑनलाइन रीडिंग कर उपभोक्ता के व्हाट्सऐप पर बिल की कॉपी भेज दी जा रही है। अब उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर को मीटर से जोड़ा जा रहा है। तब जेबीवीएनएल को मीटर रीडर रखने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे बोर्ड का खर्च घटेगा और घाटा कम होगा।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण)- प्रथम, उत्तर-पश्चिम रेलवे, जोधपुर निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा (खुली निविदा-सिंगल पैकेट पद्धति) आमंत्रित करते है। (1) निविदा सूचना संख्या: JU/Const./T-03-R/Qtrs.-JSM/2024-25 (2) कार्य का नाम स्थान सहित: Construction of staff quarters (11 Nos. of Type-II & 01 No. of Type-III), cement concrete & Bitumen Road, Boundary wall and other ancillary works at Jaisalmer station in connection with Re-development of Jaisalmer station work (3) कार्य की अनुमानित लागत: ₹4,04,20,285.27/- (4) जमा की जाने वाली बयाना राशि: ₹3,52,100/- (5) ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय: 05.02.2025, 15.00 बजे तक (6) वेबसाइट का विवरण, जहां पर ई-निविदा देखी व भरी जा सकती हैं: www.ireps.gov.in (7) कार्यालय ई-मेल का पता: dycecju@nwr.railnet.gov.in 55-DK/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

संख्या:- M-442-PA Item-JP-24-25 दिनांक: 13.01.2025

मंडल रेल प्रबंधक (कैरिज व वैगन) उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति महोदय की ओर से नीचे दिये गये कार्य के लिए दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है । कोई भी मैन्युयल टेण्डर स्वीकार नही किया जायेगा और अगर कोई मैन्युयल टेण्डर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। 1. ई-निविदा संख्या: 442/3/Pit line/Tender 2024-25 2. कार्य का नाम व स्थान : General furnishing, Carpentry, Plumbing, Painting and Passenger Amenity works at Pit line, Platform Return (PFR) Trains & In route trains attention, Intensive Upper Gear attention during SS-1 Schedule of LHB Coaches, IOH & D3 Schedule & un-schedule sick coach, one time repair of seat / berth in coach and Passenger amenity items at Coaching Depot Jaipur for a period of 03 years. 3. अनुमानित लागत : ₹14,42,22,804.26 मात्र (₹ चौदह करोड़ बय्यालीस लाख बाईस हज़ार आठ सौ चार रु. और छब्बीस पैसे मात्र) 4. बिड सिक्योरिटी राशी : ₹ 8,71,200.00 मात्र ( रु आठ लाख इक्योत्तर हज़ार दो सौ मात्र) 5. ई-निविदा की अंतिम दिनांक और समय : 05.02.2025 समय 15:00 बजे 6. ई-निविदा खोलने की दिनांक और समय : 05.02.2025 समय 15:30 बजे उक्त ई-निविदा के सम्बध मे विस्तृत जानकारी रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। 54-CR/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण विकास विभाग

संविदा पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन

राज्य मनरेगा कोषांग, झारखण्ड, राँची में संविदा आधारित निम्नलिखित पदों पर नियुक्ति हेतु दिनांक 06.02.2025 के संध्या 06:00 बजे तक विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किया जाता है :-

| क्र0 सं0 | पद का नाम | पद की संख्या | रिक्त पद की कोटिवार विवरणी |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | विशेष कार्य पदाधिकारी (अवर सचिव स्तर के पदाधिकारी) | 03 (तीन) | अनारक्षित – 01 एवं अनुसूचित जनजाति – 02 |
| 2 | राज्य MIS Nodal पदाधिकारी | 01 (एक) | अनारक्षित |
| 3 | सहायक अभियंता | 01 (एक) | अनारक्षित |
| 4 | सहायक वन संरक्षक | 01 (एक) | अनारक्षित |
| 5 | मीडिया–सह–प्रशिक्षण पदाधिकारी | 01 (एक) | अनारक्षित |
| 6 | लेखापाल | 01 (एक) | अनारक्षित |

➢ विभाग द्वारा offline आवेदन स्वीकृत किये जायेंगे।
➢ विस्तृत जानकारी, महत्वपूर्ण निर्देश तथा offline आवेदन प्रपत्र वेबसाइट – https://www.jharkhand.gov.in/MGNREGA के Recruitment पर देखा जा सकता है।
➢ Offline आवेदन दिनांक 06.02.2025 के संध्या 06:00 बजे तक मनरेगा आयुक्त कोषांग, ग्रामीण विकास विभाग, प्रथम तल, एफ0एफ0पी0 भवन, धुर्वा, राँची, झारखण्ड – 834004 में स्पीड पोस्ट/ निबंधित डाक अथवा हाथो–हाथ जमा किया जा सकता है।

( अरुण कुमार सिंह )
सरकार के अपर सचिव

PR 344436 Rural Development(24-25)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी

अति अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा
आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/KHUNTI/02/2024-25
(2nd Call) PR. No.- 334015 (Rural Development)24-25(D)

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खूँटी प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत लान्दुप के ग्राम सिरूम से बादीडीह के बीच कुवामुचा नाला पर पुल निर्माण। | 2,10,19,500/– | 4,21,000/– | 10,000/– | 15 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 17.01.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय–दिनांक 18.01.2025 से दिनांक 25.01.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, खूँटी
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –27.01.2025 अपराह्न 5:00 बजे
6. ई–निविदा आमन्त्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 6201188328 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,खूँटी

PR 344378 Rural Development(24-25).D

## सुविचार

**एक सफल व्यक्ति बनने की कोशिश मत करो, बल्कि मूल्यों पर चलने वाले व्यक्ति बनो**

## क्या आआपा लगा पाएगी दिल्ली में चुनावी चौका

आगामी पांच फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। चुनाव जीतने के लिए सभी राजनीतिक दल जोड़-तोड़ करने में जुट गए हैं। चुनाव में मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), आम आदमी पार्टी (आआपा) व कांग्रेस पार्टी के बीच होना तय माना जा रहा है। पिछले दो विधानसभा चुनावों में मुख्य मुकाबला आआपा व भाजपा के बीच हुआ था। कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत खराब रहा था। मगर इस बार कांग्रेस पार्टी पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ने जा रही है। पिछले लोकसभा चुनाव में जहां कांग्रेस पार्टी ने आआपा से गठबंधन कर चुनाव लड़ा था। वहीं, विधानसभा चुनाव कांग्रेस अकेले ही लड़ेगी। कांग्रेस के अकेले चुनाव लड़ने व पिछले लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने के कारण दिल्ली विधानसभा चुनाव में मुकाबला त्रिकोणात्मक होने की संभावना बनने लगी है। दिल्ली में तीन बार सरकार बनाकर आआपा ने मजबूत पकड़ बनायी है। वहीं, लोकसभा चुनाव में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद भाजपा, आआपा के सामने टिक नहीं पा रही है।


अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस के समर्थन से 28 दिसंबर 2013 को पहली बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। मगर कांग्रेस द्वारा समर्थन वापस लेने के चलते 49 दिनों में सरकार गिर गई। फरवरी 2015 में हुए विधानसभा चुनाव में आआपा ने 67 सीटें जीतकर नया इतिहास रच दिया था। आआपा को 54.34 प्रतिशत वोट मिले थे। अरविंद केजरीवाल ने 14 फरवरी 2015 को दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उस चुनाव में भाजपा को मात्र तीन सीट तथा 32.19 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली तथा वोट भी घटकर 9.65 प्रतिशत रह गये थे। 2020 के विधानसभा चुनाव में आआपा ने 62 सीटें जीतकर 53.57 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। 16 फरवरी 2020 को अरविंद केजरीवाल तीसरी बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बने थे। 2020 के चुनाव में भाजपा की सीट तीन से बढ़कर आठ तक पहुंच गई तथा वोटो का प्रतिशत बढ़कर 38.51 प्रतिशत हो गया। कांग्रेस को इस बार भी कुछ नहीं मिला था। कांग्रेस को 4.26 प्रतिशत वोट ही मिले। कांग्रेस के अधिकांश प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी। 2 अक्टूबर 2012 को गांधी जयंती के दिन आआपा का गठन किया गया था। पार्टी के गठन के ठीक एक साल एक महीने और दो दिन बाद 4 दिसंबर 2013 को दिल्ली विधानसभा चुनाव के वोट डाले गए थे। 8 दिसंबर 2013 को चुनाव के नतीजे आए तो आआपा को 28 सीटें तथा 29.49 प्रतिशत वोट मिले थे। पार्टी अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को उनकी नई दिल्ली सीट पर करीब 26000 वोटों से हराया था। उस चुनाव में भाजपा को 31 सीट व 33.07 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं, कांग्रेस को 8 सीट व 24.55 प्रतिशत वोट मिले थे। उस वक्त कांग्रेस ने भाजपा को सत्ता से दूर रखने के चक्कर में आआपा को समर्थन देकर अरविंद केजरीवाल को पहली बार मुख्यमंत्री बनवाया। कांग्रेस की यही भूल अब तक कांग्रेस को लगातार जीरो पर आउट कर रही है। उस वक्त यदि कांग्रेस ने आआपा को समर्थन नहीं दिया होता तो आगे विधानसभा चुनाव के नतीजे अलग हो सकते थे। मगर अपनी भूल का कांग्रेस आज तक खामियाजा उठा रही है। 1998 से 2008 तक लगातार तीन विधानसभा चुनाव जीत कर सरकार बनाने वाली कांग्रेस 2013 में मात्र 8 सीटों पर सिमट गई थी। कांग्रेस की यह भूल उस पर इतनी भारी पड़ गई कि आज तक संभल नहीं पा रही है। दिल्ली में लोकसभा चुनाव के करीब 8 महीने बाद विधानसभा चुनाव होते हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा 2014 से 2024 तक लगातार दिल्ली की सातों सीटों पर जीत दर्ज करती आ रही है। वहीं, विधानसभा चुनाव में मतदाताओं के वोट डालने का ट्रेंड बदल जाता है। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने दिल्ली की सभी सात सीटों पर जीत दर्ज कर 46.63 प्रतिशत यानी 38 लाख 38 हजार 850 वोट प्राप्त किए तथा 60 विधानसभा सीटों पर आगे रही थी। आआपा को 33.08 प्रतिशत यानी 27 लाख 22 हजार 887 वोट मिले तथा 10 सीटों पर आगे रही थी। वहीं, कांग्रेस को 15.22 प्रतिशत यानी 12 लाख 53 हजार 78 वोट मिले थे। कांग्रेस एक सीट पर भी आगे नहीं थी। वहीं 2015 के विधानसभा चुनाव में आआपा को 67 सीटों पर जीत मिली थी। इसी तरह 2019 में भाजपा ने 56.85 प्रतिशत यानी 49 लाख 8 हजार 541 वोट लेकर सभी सीट जीती थी तथा 65 विधानसभा सीटों पर आगे रही थी। वहीं, आआपा को 18.20 प्रतिशत यानी 15 लाख 71 हजार 687 वोट मिले थे और सीट एक भी नहीं जीती थी। आआपा किसी विधानसभा सीट पर आगे नहीं रही थी। वहीं, कांग्रेस को 22.63 प्रतिशत यानी 19 लाख 53 हजार 900 वोट मिले थे। कांग्रेस को सीट एक भी नहीं मिली मगर पांच विधानसभा सीट पर आगे रही थी। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने लगातार तीसरी बार सभी सातों सीटों को जीतकर 54.35 प्रतिशत यानी 48 लाख 44 हजार 180 वोट प्राप्त किए थे। वहीं, 52 विधानसभा सीटों पर आगे रही थी। आआपा एक भी सीट नहीं जीत सकी थी। पार्टी को 24.17 प्रतिशत यानी 21 लाख 54 हजार एक वोट मिला था। पार्टी 10 विधानसभा सीटों पर आगे रही थी। वहीं, कांग्रेस का भी सूपड़ा साफ हो गया था तथा उसे एक भी सीट नहीं मिली। कांग्रेस ने आआपा से समझौता कर चुनाव लड़ा था। समझौते में आआपा ने चार व कांग्रेस ने तीन सीटों पर चुनाव लड़ा था। जिसमें कांग्रेस को 18.91 प्रतिशत यानी 16 लाख 85 हजार 494 वोट मिले थे। कांग्रेस ने आठ विधानसभा सीटों पर बढ़त हासिल की थी। पिछले दो विधानसभा चुनाव के मतदान का ट्रेंड देखें तो दिल्ली में तकरीबन 16 से 18 प्रतिशत मतदाता ऐसे हैं जो किसी भी पार्टी के समर्थन नहीं हैं। वह हवा का रुख देख कर मतदान करते हैं। आआपा को स्विंग वाटरों की बदौलत दो बार भारी बहुमत मिल चुका है। स्विंग वोटर का झुकाव जिधर होता है उसी की जीत तय होती है। लोकसभा चुनाव में तो राष्ट्रीय मुद्दों के चलते स्विंग वोटर भाजपा की तरफ झुक जाता है। मगर विधानसभा चुनाव में उसका मूड बदल जाता है। जिसका लाभ आआपा को मिलता है। पांच फरवरी को होने वाले मतदान में सबसे बड़ी भूमिका इन फ्लोटिंग वोटरों की होगी। इनका झुकाव जिस तरफ होगा उसी पार्टी को जीत मिलेगी। चुनाव में बहुत कम समय बचा है। ऐसे में सभी पार्टियों के दिग्गज नेता चुनावी मैदान में उतरकर अपनी पार्टी के प्रत्याशियों को जीत दिलाने के लिए जुटे हैं। जेल जाने के चलते अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद छोड़ना पड़ा था। उनके स्थान पर अतिशी मालेर्ना को 21 सितंबर 2024 को मुख्यमंत्री बनाया गया था। उसके बाद से आआपा में बड़ी उठापटक मची हुई है। इसी के चलते पार्टी ने बड़ी संख्या में पुराने विधायकों की टिकट काटी है। दूसरे दलों से आने वाले दलबदलुओं को भी बड़ी संख्या में टिकट दिया गया है। दिल्ली विधानसभा के चुनाव ने तो इंडिया गठबंधन की नींव हिला डाली है। जहां गठबंधन में शामिल कांग्रेस व आआपा आमने-सामने चुनाव लड़ रहे है। वहीं, तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, शिवसेना (यूबीटी) ने आआपा को समर्थन देने की घोषणा कर कांग्रेस को ठेंगा दिखा दिया है। आआपा के लिए लगातार चौथी बार जीत का चौका लगाने का सुनहरा मौका है। वहीं, भाजपा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में अपनी सरकार बना कर डबल इंजन की सरकार का नारा सार्थक करना चाहती है। कांग्रेस का भी प्रयास है कि कुछ सीटें जीत कर अपनी खोई प्रतिष्ठा फिर से हासिल की जाए। बहरहाल, सभी दलों के लिए इस बार का चुनाव बड़ा ही रोमांचक व कड़ी टक्कर वाला होने जा रहा है। मगर दिल्ली का मुख्यमंत्री वही बनेगा जिसे दिल्ली की जनता चाहेगी।

# जम्मू-कश्मीर में रेल सेवा का विस्तार विकास के नये द्वार खोलेगा

जम्मू से श्रीनगर जाने का राष्ट्रीय राजमार्ग वर्षा व बर्फबारी के कारण अक्सर बंद हो जाता है तथा कई-कई दिनों तक बंद रहता है। वहीं, श्रीनगर-लेह मार्ग पहले प्रतिवर्ष 15 अक्टूबर को बंद कर दिया जाता था तथा 15 जून को खुलता था। परंतु अब सरकार सड़कों की ओर ध्यान दे रही है तथा उसका उद्देश्य लेह तक रेल लाइन पहुंचने का है ताकि पूरा वर्ष लेह-लद्दाख देश के अन्य भागों से जुड़ा रह सके।

भारत का मुकुट कहा जाने वाला जम्मू-कश्मीर महत्वपूर्ण केंद्र शासित प्रदेश है। इसकी सीमाएं एक ओर पाकिस्तान के साथ लगी हैं, जिन्हें अंतरराष्ट्रीय सीमा तथा वास्तविक नियंत्रण रेखा कहा जाता है, वहीं दूसरी ओर भारतीय सीमा चीन के साथ लगी है। यह सारी सीमाएं अक्सर अशांत रहती हैं। एक ओर पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए आतंकवादियों की घुसपैठ करवाता है तो चीन भी सीमा को लेकर नए-नए विवाद पैदा करता रहा है। सीमा के अधिकांश क्षेत्र पहाड़ी व दुर्गम हैं तथा वहां तैनात सैनिकों तथा सुरक्षाकर्मियों तक युद्ध सामग्री तथा अन्य सामान पहुंचना चुनौतीपूर्ण कार्य है। इसी को देखते हुए केंद्र सरकार इस राज्य में रेल सेवाओं का विस्तार करना चाहती है, जिससे सैनिकों के आने-जाने में आसानी रहे तथा उन तक पर्याप्त मात्रा में आसानी से सामान की पहुंच हो सके।

**रमेश गुप्ता**



जम्मू से श्रीनगर जाने का राष्ट्रीय राजमार्ग वर्षा व बर्फबारी के कारण अक्सर बंद हो जाता है तथा कई-कई दिनों तक बंद रहता है। वहीं, श्रीनगर-लेह मार्ग पहले प्रतिवर्ष 15 अक्टूबर को बंद कर दिया जाता था तथा 15 जून को खुलता था। परंतु अब सरकार सड़कों की ओर ध्यान दे रही है तथा उसका उद्देश्य लेह तक रेल लाइन पहुंचने का है ताकि पूरा वर्ष लेह-लद्दाख देश के अन्य भागों से जुड़ा रह सके। इसी सिलसिले में कटरा-श्रीनगर रेलमार्ग बनकर तैयार हो गया है तथा इसी माह यह सेवा प्रारंभ होने की संभावना है। जब श्रीनगर तक रेल सेवा प्रारंभ होगी तो पर्यटकों की संख्या में भी भारी वृद्धि होगी तथा नए-नए उद्योग स्थापित होंगे, जिससे वहां विकास की गति तेज होगी तथा रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।

इस समय जम्मू रेलवे स्टेशन के विस्तार का कार्य चल रहा है। पटरियों की इंटरलॉकिंग की जा रही है। यह कार्य 15 मार्च तक समाप्त होने की संभावना है। उसके उपरांत ही श्रीनगर व देश के अन्य भागों तक रेल सेवा का विस्तार होगा। कटरा-श्रीनगर रेल लाइन की सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। सीआरएस सेफ्टी कमिश्नर द्वारा 7 व 8 जनवरी को 2 दिन के लिए वहां 110 किलोमीटर की स्पीड से रेलगाड़ी चलाकर इसका हर प्रकार से निरीक्षण किया तथा सभी मापदंड सही पाए गए। अब इस रेलखंड का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 26 जनवरी के आसपास किए जाने की संभावना है। इससे कश्मीर देश के सभी भागों के साथ रेल से जुड़ जाएगा।

अभी कश्मीर घाटी में भारी हिमपात हो रहा है तथा कड़ाके की ठंड पड़ रही है, इसे देखते हुए रेल विभाग कटरा से श्रीनगर तक रेल सेवा अलग से चलाएगा। रेलवे विभाग ने उसके लिए अलग से वंदेभारत रेल बनाई है, जिसमें सर्दी से बचने के लिए सभी प्रकार की सुविधा रखी गई है ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस रेलमार्ग पर बिजली से ही इंजन चलेंगे तथा इस रूट पर बर्फबारी का खतरा बना रहेगा, इसको देखते हुए इंजन पर विशेष यंत्र लगाए गए हैं। शीशा तीन लेयर का है, जो हर समय गर्म रहेगा ताकि पड़ने वाली बर्फ ना ठहर पाए, बर्फ गिरते ही पिघल जाए, जिससे इंजन चालक को रेलवे ट्रैक देखने में मुश्किल का सामना न करना पड़े।

रेल डिब्बों में भी यात्रियों की सुविधा के लिए तापमान गर्म रखा है। यहां तक कु बाथरूम भी विशेष रूप से बनाए गए हैं, जिससे वहां का पानी जम ना सके। कटरा से कश्मीर तक की दूरी लगभग 200 किलोमीटर की है तथा यह दूरी लगभग 3:30 घंटे में पूरी हो जाएगी। प्रारंभ में तीन ट्रेनें कटरा से श्रीनगर जाएंगी तथा वह तीनों वापस आएंगी। आतंकवाद को देखते हुए सभी ट्रेनें दिन को ही चला करेंगी। रात को कोई रेलगाड़ी नहीं चलेगी।

प्रधानमंत्री द्वारा 6 जनवरी को जम्मू रेलवे डिवीजन जो पहले फिरोजपुर रेलवे डिविजन के अंतर्गत होता था, उसे अलग घोषित कर दिया गया है। जम्मू रेलवे डिवीजन के अंतर्गत पूरा जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश तथा पंजाब व हिमाचल के भी कुछ भाग होंगे। इसके अंतर्गत अभी तक लगभग 750 किलोमीटर रेल लाइन है, उसके उपरांत राज्य में रेलवे के कई अन्य प्रोजेक्ट का सर्वेक्षण किया जा रहा है, जैसे बारामूला से उड़ी, कुपवाड़ा जम्मू से पुंछ प्रमुख हैं। इससे इस प्रदेश के लोगों को रोजगार मिलेगा तथा विकास की गति तेज होगी।

यदि जम्मू-कश्मीर का रेल इतिहास देखा जाए तो जब भारत-पाकिस्तान का विभाजन नहीं हुआ था तब जम्मू से सियालकोट तक रेल सेवा थी। सियालकोट पाकिस्तान में जाने से यह रेल सेवा बंद हो गई। 1971 में पठानकोट जम्मू रेल सेवा प्रारंभ हुई तथा रेलगाड़ियां जम्मू तक आना प्रारंभ हुई। 1983 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उधमपुर में, उधमपुर-जम्मू रेलवे रेल मार्ग की नींव रखी तथा 55 किलोमीटर लंबे प्रोजेक्ट को 5 वर्ष में पूरा करने का वायदा किया परंतु पैसे की कमी तथा पहाड़ी दुर्गम रास्तों के कारण यह प्रोजेक्ट 21 वर्षों में पूरा हुआ तथा तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने इसका उद्घाटन किया। 1994 में रेलमंत्री ने रेल लाइन को बारामूला तक ले जाने की घोषणा की तथा 1995 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने इस प्रोजेक्ट को मंजूरी दी। धन के अभाव एवं दुर्गम क्षेत्र होने के कारण जहां कार्य टुकड़ों में तथा धीमी गति से चलता रहा। 2002 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय प्रोजेक्ट घोषित किया तथा इसके कार्य में तेजी आई। सबसे पहले जम्मू-उधमपुर प्रोजेक्ट 2004 में तैयार हुआ परंतु चुनाव घोषणा के कारण इसके उद्घाटन में देरी हो गई।

कश्मीर घाटी क्योंकि समतल है, इस कारण वहां भी रेलवे का कार्य प्रारंभ किया गया। 2008 अनंतनाग मजामा जो श्रीनगर का बाहरी क्षेत्र है 66 किलोमीटर रेल लाइन प्रारंभ की गई। 2009 में पटन से बारामुला तक रेल सेवा प्रारंभ हो गई। 2013 में काजीगुंड-बनिहाल के बीच 11 किलोमीटर सुरंग का निर्माण हुआ, जिससे बनिहाल-बारामुला के बीच रेल सेवा प्रारंभ हो गई। कई मुश्किलों व दुश्वारियों के उपरांत 2014 में कटरा-उधमपुर के बीच सेवा प्रारंभ की गई, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 4 जुलाई 2014 को किया। 20 फरवरी 2024 को बनिहाल से संगलदान तक रेल लाइन का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किया गया। संगलदान से कटरा तक अब रेलवे ट्रैक तैयार हो गया है तथा इसके उद्घाटन की प्रतीक्षा की जा रही है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# कृषि क्षेत्र को नई दिशा देगा हल्दी आयोग का गठन

हल्दी हमारी संस्कृति और संस्कार में बसी है। हमारे यहाँ हल्दी को शुभ माना जाता है। हाथ पीले करने के लिए हल्दी आवश्यक है। कोई भी संस्कार बगैर हल्दी के सम्पन्न नहीं होता। जीवन के आगमन और महाप्रयाण में भी हल्दी का अपना महत्व है। हल्दी आयुर्वेद की सबसे गुणकारी औषधि है, यह एंटीबायोटिक भी है। अब हल्दी की उपज करने वाले भारतीय किसानों के लिए अच्छी खबर है।

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने दिल्ली में हल्दी बोर्ड के गठन की घोषणा की है। गंगा रेड्डी को बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है। इससे हल्दी की उन्नतशील खेती में किसानों को जहाँ मदद मिलेगी, दूसरी तरफ वैश्विक बाजार पर भारत का सौ फीसदी कब्जा होगा। भारत दुनिया का सबसे बड़ा हल्दी उत्पादक और खपत वाला देश है। वैश्विक जरूरत की 70 फीसदी की आपूर्ति भारत करता है। हल्दी के निर्यात को पांच साल में एक बिलियन अमेरिकी डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है।

हल्दी हमारी संस्कृति और संस्कार में बसी है। हमारे यहाँ हल्दी को शुभ माना जाता है। हाथ पीले करने के लिए हल्दी आवश्यक है। कोई भी संस्कार बगैर हल्दी के संम्पन्न नहीं होता। जीवन के आगमन और महाप्रयाण में भी हल्दी का अपना महत्व है। हल्दी आयुर्वेद की सबसे गुणकारी औषधि है, यह

**प्रभुनाथ शुक्ल**



एंटीबायोटिक भी है। अब हल्दी की उपज करने वाले भारतीय किसानों के लिए अच्छी खबर है। केंद्र सरकार ने हल्दी किसानों की 40 सालों से चली आ रही लंबी मांग को मान लिया है। सरकार ने हल्दी आयोग (ळ४१९१ इङ्क१) गठित करने की अधिसूचना जारी कर दी है। बोर्ड का मुख्यालय तेलंगाना के निजामबाद में होगा।

देश के हल्दी किसान जहाँ समृद्ध होंगे वहीं हल्दी निर्यात में भारत का दबदबा होगा। भारत में सबसे अधिक दक्षिण भारत में हल्दी उत्पादन होता है। आयोग के गठन से जहाँ हल्दी की नई-नई प्रजातियों का विकास होगा। इसके अलावा हल्दी का कृषि क्षेत्र राष्ट्रीय स्तर पर व्यपाक होगा। देश के दूसरे हिस्सों में भी शोध के जरिए जलवायु और मिट्टी की गुणवत्ता से हल्दी की नई प्रजाति का विकास कर इसके उत्पादन को और व्यापक बनाया जा सकता है। इससे जहाँ हल्दी के किसानों की आय दोगुनी होगी। देश के तकरीबन 20 राज्यों में व्यापक पैमाने पर हल्दी की खेती होती है। इनमें आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और मेघालय जैसे राज्य शामिल हैं। हल्दी बोर्ड अच्छा उत्पादन देने वाली किस्मों का विकास करेगा। जिसका लाभ देश के किसानों को मिलेगा। हल्दी से कई दवाएं बनती हैं। साथ ही सौंदर्य प्रसाधन में भी हल्दी का प्रयोग होता है। हमारे जीवन में हल्दी का बहुत उपयोग है।

निश्चित रूप से हल्दी बोर्ड सरकार के अन्य मंत्रालयों और विभागों से मिलकर हल्दी के निर्यात की रणनीति बनाएगा। भारत ने बीते साल 2023-2024 में 226.5 मिलियन डॉलर की हल्दी का निर्यात किया। कुल 1.62 लाख टन हल्दी और उससे जुड़े उत्पादों का निर्यात किया गया। बोर्ड के गठन के कृषि वैज्ञानिकों के अनुसन्धान से गुणवता परक हल्दी का निर्यात ग्लोबल स्तर पर होगा। भारत को एक टिकाऊ स्पर्धा का बाजार उपलब्ध कराएगा। इससे जहाँ हल्दी का उत्पादन बढ़ेगा वहीं इसके निर्यात से विदेशी मुद्रा भंडार में भी वृद्धि होगी।

सरकार को परम्परागत कृषि को समृद्ध करने के साथ-साथ औषधीय खेती और दूसरे कृषि उत्पाद पर भी इस तरह के आयोग का गठन करना चाहिए, जिसका प्रभाव दुनिया के कृषि बाजार पर व्यापक होगा। देश का किसान आर्थिक रूप से समृद्ध होगा और भारतीय कृषि उत्पादों का एकाधिकार बढ़ेगा। कृषि के वैश्विक बाजार पर पकड़ बनाने के लिए भारत के पास अपार संभवानाएं हैं। अब सरकार किसानों के लिए कितना कुछ कर पाती है यह उस पर निर्भर है।भारत में गतवर्ष यानी 2023-2024 में 3.05 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में हल्दी की खेती कर 10.74 लाख टन उत्पादन किया गया। हमारे यहाँ हल्दी की तीस प्रजातियों की खेती की जाती है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत में 3.24 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में हल्दी की खेती की गई थी और इस दौरान उत्पादन 11.61 लाख टन रहा था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वैश्विक हल्दी उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत से अधिक है और यहां हल्दी की 30 किस्में उपजाई जाती हैं। सरकार को उम्मीद है कि पांच साल यानी 2030 तक हल्दी निर्यात एक बिलियन डॉलर तक पहुँच जाएगा। केंद्र ने हल्दी बोर्ड के गठन की अधिसूचना जारी कर दी है। दुनिया के हल्दी उत्पादन में भारत अग्रणी है। यहां विश्व के कुल हल्दी उत्पादन का 60 से 70 फीसदी उत्पादन किया जाता है। साल 2022 और 2023 में हल्दी और उससे जुड़े उत्पादों का निर्यात किया गया, जिससे 207.45 मिलियन अमरीकी डॉलर की आय हुई। भारत के प्रमुख हल्दी आयातकों में अमेरिका, यूएई, मलेशिया और बांग्लादेश शामिल हैं। हल्दी आयोग का गठन निश्चित रूप से खुली पारदर्शी कृषि नीति है। यह हल्दी की खेती करने वालों के लिए सुखद परिणाम लेकर आएगी। सरकार को इस तरह की और खेती को बढ़ावा देना चाहिए। कृषि नीति को और कारगर और प्रभावशाली बनाने की जरूरत है। खेती में सरकार के पास असीमित शोध का क्षेत्र है। वैश्विक बाजार का अध्ययन कर देश को खेती के लिए प्रतिस्पर्धा पैदा करनी होगी। हमें किसानों के लिए ऐसा कृषि विकल्प लाने की जरूरत है जिसमें लगत कम हो और किसानों को लाभकारी मूल्य मिले। जिससे किसान आर्थिक आमदनी तय करेगा। साथ ही नयी खेती की तरफ उसका रुझान बढ़ेगा। इसके अलावा भारत को मौसम, मृदा और जलवायु के हिसाब से कृषि क्षेत्र में विभाजित कर कृषि निर्धारण करना चाहिए।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# संतान की लंबी आयु के लिए किया जाता है सकट चौथ का व्रत

हिंदू धर्म में सकट चौथ के व्रत का विशेष महत्व होता है। इस दिन भगवान गणेश की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। इस दिन महिलाएं अपने बच्चे की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और विघ्नों के नाश के लिए किया जाता है। इस व्रत को माघ महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को किया जाता है। सकट चौथ पर चंद्रोदय के बाद गणपति बप्पा की पूजा की जाती है। व्रत करने वाली महिलाएं इस दिन गणपति को लड्डू, दूर्वा, फूल और प्रसाद अर्पित करती हैं। तो आइए जानते हैं सकट चौथ का मुहूर्त, पूजन विधि और महत्व के बारे में...

### सकट चौथ व्रत

वैदिक पंचांग के मुताबिक माघ माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि की शुरूआत 16 जनवरी की सुबह 04:09 मिनट पर हो गई है। वहीं आज यानी की 17 जनवरी 2025 की सुबह 05:33 मिनट पर इस तिथि की समाप्ति होगी। उदयातिथि के हिसाब से 17 जनवरी 2025 को यह व्रत किया जाएगा। शाम को चंद्र दर्शन के बाद सकट चौथ का व्रत खोला जाता है। 17 जनवरी यानी की आज चंद्रोदय का समय 09:09 मिनट पर होगा।

इस दिन सुबह जल्दी स्नान आदि कर व्रत का संकल्प लें और फिर सूर्य देव को अर्घ्य दें। इसके बाद शाम को गणेश जी की प्रतिमा को गंगाजल से स्नान आदि कराएं और नए वस्त्र पहनाएं। अब भगवान गणेश से अपने बच्चे की सुख-समृद्धि और लंबी आयु के लिए कामना करें। गणपति बप्पा के सामने धूप और दीप जलाएं। फिर गणेश जी को दूध, मोदक और फल आदि का भोग लगाएं। इसके बाद शाम को चंद्रदेव को अर्घ्य दें और व्रत खोलें। सकट चौथ व्रत में तिल और गुड़ से बनी चीजें विशेष रूप से खाई जाती हैं।

### महत्व

बता दें कि सकट चौथ का व्रत विशेष तौर पर संतान के लिए रखा जाता है। यह व्रत संतान की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए किया जाता है। इस दिन भगवान गणेश की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। इस व्रत को करने से सभी तरह के संकट दूर होते हैं और संतान के जीवन में सुख-समृद्धि का आगमन होता है। गणपति को विघ्नहर्ता और बुद्धि का देवता माना जाता है। इस दिन व्रत करने से संतान को भगवान गणेश की विशेष कृपा प्राप्त होती है। इससे उनके जीवन में सफलता और समृद्धि का मार्ग खुलता है।

## सेहत

### ठंड में फटी एड़ियों से चाहिए छुटकारा तो एलोवेरा जेल की मदद से बनाएं ये फुट क्रीम

ठंड का मौसम हमारे पैरों के लिए काफी हार्श हो सकता है। नमी की कमी के चलते अक्सर पैरों में रुखापन व क्रैक्ड एड़ियों की समस्या हो सकती है। इस स्थिति में यह बेहद जरूरी है कि आप अपने पैरों की अतिरिक्त देखभाल करें। यूं तो मार्केट में कई तरह की फुट क्रीम मिलती हैं, लेकिन ये काफी महंगी होती हैं और इससे आपकी जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है। ऐसे में जरूरी है कि आप खुद घर पर ही नेचुरल फुट क्रीम बनाकर तैयार करें। इसके लिए एलोवेरा जेल का इस्तेमाल किया जा सकता है। एलोवेरा जेल आपके पैरों को मॉइश्चराइज करने के साथ-साथ उसे सूदिंग अहसास करवाता है। जिसकी वजह से आपको ठंड में फटे पैरों की वजह से होने वाले दर्द से आराम मिलता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि आप ठंड के मौसम में अपने पैरों का ख्याल रखने के लिए एलोवेरा जेल की मदद से फुट क्रीम किस तरह बनाकर तैयार कर सकते हैं-

**एलोवेरा जेल और शिया बटर फुट क्रीम :** शिया बटर ठंड के दिनों में बहुत रूखी स्किन के लिए काफी अच्छा माना जाता है, जबकि एलोवेरा जेल से आपको एक सूदिंग और कूलिंग इफेक्ट मिलता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज ब्रीफ

## सिटी विश्वकर्मा के साथ मिलकर पूर्व से हत्या करने का षडयंत्र रच रखा था : थाना प्रभारी




**साहिबगंज/मंडरो :** मिजाचौकी थाना क्षेत्र के महादेववरण गांव के ग्राम प्रधान होली कोड़ा की 13 जनवरी को अपराधियों द्वारा गोली मार कर हत्या के मामले का खुलासा हो गया है।थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव ने बताया की ग्राम प्रधान होली कोड़ा हत्या की मामले में थाना के एसआई पवन कुमार यादव के साथ अनुसंधान में मामले का उदभेदन किया गया है। ग्राम प्रधान होली कोड़ा का हत्यारा कोई और नहीं उनके घर आन-जान करने वाला पंकज कुमार गुप्ता था। जिसने मिजाचौकी बाजार के सिटी विश्वकर्मा के साथ मिलकर पूर्व से हत्या करने का षडयंत्र रच रखा था। पूछताछ के क्रम में पुलिस को पंकज कुमार गुप्ता ने बताया कि होली कोड़ा की हत्या कराने को लेकर दो लाख रुपये सिटी विश्वकर्मा को दिया गया था।सिटी विश्वकर्मा षड्यंत्र के तहत ग्राम प्रधान होली कोड़ा के साथ मॉर्निंग वॉक पर गया और अपराधियों को फोन कर हत्या करने की बात कही। तभी घात लगाए अपराधी होली कोड़ा पर फायरिंग कर फरार हो गये।वहीं सिटी विश्वकर्मा ने भी पुलिस को यह बताया कि पंकज कुमार गुप्ता ने 2 लाख रुपये देने के बाद 50 हजार रुपये श्राद्ध कर्म करने को लेकर मांगा था। और कहा था कि काम होने के बाद 50 हजार रुपये तुम्हें दे दिया जाएगा। इधर, पुलिस को पंकज कुमार गुप्ता ने बताया कि होली कोड़ा के घर से मेरा संबंध था।इसको लेकर होली कोड़ा के साथ कभी-कभी कहासुनी और मारपीट भी होती थी। इससे पंकज कुमार गुप्ता काफी नाराज था। पुलिस को उन्होंने यह भी बताया कि जमीन बेचने के कार्य में यह काफी हस्तक्षेप करता था। और हम लोगों के लिए बीच का रोड़ा था।इसलिए इसे मारने के लिए षड्यंत्र रचकर दो लाख रुपये में सिटी विश्वकर्मा से बात की गयी थी। होली कोड़ा हत्याकांड का उद्भेदन कर दो को भेजा जेल महादेववरण गांव के ग्राम प्रधान होली कोड़ा की हत्या मामले में मिजाचौकी थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव ने बताया कि थाना कांड संख्या 3/25 के तहत पंकज कुमार गुप्ता और सिटी विश्वकर्मा को साहिबगंज जेल भेज दिया गया है। कहा कि इस घटना में और भी जो कोई सम्मिलित है। उसको लेकर भी छापेमारी की जा रही है। और उसे भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## जो वादा किये थे वह वादा पूरा कर रहे हैं : विधायक



**साहिबगंज :** झामुमो बोरियो विधायक धनंजय सोरेन की पहल पर पुलिस लाइन स्कूल के पीछे समलापुर में सड़क की संकीर्णता की समस्या का समाधान हुआ। इसके समाधान के लिए खुद बोरियो विधायक धनंजय सोरेन और जिला प्रशासन के साथ मौजूद थे। इस संबंध में विधायक श्री सोरेन के द्वारा लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आप से वादा किये थे । उस वादा को पुरा कर रहे हैं। आगे भी आपकी जो भी समस्या होगी उस पर ध्यान देंगे।इस अवसर पर डीडीसी सतीश चंद्रा, सदर एसडीओ अंगार नाथ स्वर्णकार,नगर प्रशासक अभिषेक सिंह के साथ समस्या का समाधान कर मोहल्लेवासियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी कर दी।

## 68वीं अंडर 14 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर लौटे एथलीटों को उपायुक्त ने दिया बधाई



**साहिबगंज :** झारखंड राज्य को कुल 03 कांस्य पदक मिले जिसमें जिले के खिलाड़ियों को महत्वपूर्ण योगदान रहा व देश भर में झारखंड बालक टीम चौथे स्थान पर रहा है।जबकि देश भर से 35 राज्यसंस्था की टीमें भाग ले रही थी। स्कूल फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची, द्वारा आगामी 11 से 14 जनवरी तक बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम,रांची में संपन्न 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय अंडर 14 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में पर्यटन, कला,ज्ञसंस्कृति खेल कूद व युवा कार्य विभाग झारखंड,रांची एवं जिला प्रशासन द्वारा जिले के सिद्धों कान्हो स्टेडियम साहिबगंज में संचालित आवासीय बालक एथलेटिक्स क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षु संतोष मुर्मू ने लंबी कूद स्पर्धा में 5.94 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता।वहीं इमानुएल किस्कू अश्विन नागदुआर ने 4 गुणा 100 मीटर रिले दौड़ में कांस्य पदक जीता।वहीं इमानुएल किस्कू 11.11 सेकेंड 80 मीटर हर्डल्स एवम जमादार केरई 1.77 मीटर ऊंची कूद में चौथे स्थान पर रहकर जिले को देश भर में गौरवान्वित कर रांची से साहिबगंज लौटने पर उपायुक्त हेमंत सती ने समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में माला पहनाकर बधाई दिए व खिलाड़ियों को अन्तर्राष्ट्रीय फलक पर नाम रौशन करने हेतु शुभकामना दी।इस मौके पर आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षक योगेश यादव, माधव चंद्र घोष, कल्याण जिला खेल समन्वयक ललित झा जिम ट्रेनर गौरव झा समेत मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना को लेकर आयोजित बैठक संपन्न

**दुमका :** जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में गुरुवार को प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना (पीएम-एएजीवाय) अन्तर्गत दुमका जिला अन्तर्गत कुल 130 ग्रामों का तैयार किये गये वीडीपी को जिला स्तरीय समिति के समक्ष रखा गया। तैयार किये गये वीडीपी के संबंध में परियोजना निदेशक, आईटीडीए रवि जैन द्वारा बारी-बारी से बतया गया कि उक्त योजना की सूची भारत सरकार से प्राप्त है जिसका उद्येश्य ग्रामीण स्तर पर निवासीत आम जनों को मूलभूत सुविधा से लाभान्वित किया जाय।

# कृषि क्षेत्र में प्रगति के लिए नई तकनीकों और नवाचारों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है : डीसी






## जिला स्तरीय दो दिवसीय कृषि मेला किसानों को नई तकनीकों और अवसरों का मंच

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** संयुक्त जिला कृषि भवन परिसर में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि मेला, फल सब्जी प्रदर्शनी, उद्यानिकी संगोष्ठी और मत्स्यकी कार्यशाला ने किसानों, उद्यमियों और वैज्ञानिकों के लिए एक ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक मंच प्रदान किया।इस कार्यक्रम का आयोजन कृषि, मत्स्य, उद्यान विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों किसान विशेषज्ञ और शोधकर्ता शामिल हुए ।कार्यक्रम का उद्घाटन और उद्देश्य कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि माननीय विधायक बोरियो धनंजय सोरेन जिला दंडाधिकारी -सह-उपायुक्त हेमंत सती, उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया। जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का द्वारा सभी मुख्य अतिथियों का स्वागत भाषण के द्वारा स्वागत किया गया क विधायक बोरियो का संबोधन विधायक बोरियो में कहा यह मेला किसानों के लिए नई तकनीकों जैविक खेती उद्यानिकी और मत्स्य पालन में उन्नति के अवसर प्रदान करेगा।इस का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, नवाचारों, और सरकारी योजनाओं से अवगत कराना था। मेले में किसानों को उनकी उपज का मूल्य बढ़ाने, विपणन रणनीतियों और पर्यावरण अनुकूल खेती पर जोर दिया गया। जिला दंडाधिकारी -सह-उपायुक्त हेमंत सती का संबोधन अपने संबोधन में उन्होंने किसानों को प्रेरित करते हुए कहा कृषि क्षेत्र में प्रगति के लिए नई तकनीकों और नवाचारों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। यह मेला किसानों को उन्नत तकनीकों, जैविक खेती और उद्यानिकी के साथ-साथ मत्स्य पालन के क्षेत्र में नए अवसर प्रदान करने का एक उत्कृष्ट कार्यशाला है।उन्होंने जोर देकर कहा कि किसान इन जानकारियों का लाभ उठाकर अपनी उपज में सुधार कर सकते हैं। और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से उत्पादकता बढ़ा सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार किसानों की भलाई के लिए कई योजनाएं चला रही है, जिनका अधिकतम लाभ लेने के लिए जागरूकता आवश्यक है।उपायुक्त ने भविष्य में ऐसे आयोजनों की निरंतरता की आवश्यकता पर बल दिया और किसानों को प्रोत्साहित किया कि वे तकनीकी नवाचारों के साथ अपनी कृषि प्रथाओं को मजबूत कराएं। विधायक , उपायुक्त व उप विकास आयुक्त ने कार्यशाला में स्टालों का लिया जायजा दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि मेला-सह-फल,सब्जी प्रदर्शनी, उद्यानिकी संगोष्ठी एवं मत्स्यकी कार्यशाला के दौरान माननीय विधायक, उपायुक्त , उप विकास आयुक्त ने कार्यशाला में लगे सभी स्टालों का बारी-बारी से जायजा लिया।उन्होंने प्रत्येक स्टाल पर प्रदर्शित कृषि उपकरण, तकनीकी नवाचार, जैविक उत्पादों, फसलों, फल, फूल और सरकारी योजनाओं की जानकारी को गहनता से समझा। स्टाल संचालकों और विशेषज्ञों से संवाद करते हुए उन्होंने किसानों की जरूरतों और उनके हित में प्रस्तुत तकनीकों की उपयोगिता पर चर्चा की ।
उपायुक्त ने कहा इन स्टालों के माध्यम से किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और संसाधनों की जानकारी मिल रही है, जो उनके उत्पादन को बढ़ाने और लागत कम करने में सहायक होगी।फल और सब्जी प्रदर्शनी नवाचार फल और सब्जी प्रदर्शनी ने किसानों को उनकी फसलों के बेहतर उत्पादन और संरक्षण के नए तरीकों से परिचित कराया। इस प्रदर्शनी में जैविक उत्पादों, स्थानीय सब्जियों और फलों की विभिन्न प्रजातियों का प्रदर्शन किया गया।उद्यानिकी संगोष्ठी नवाचार और समाधान संगोष्ठी में वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने किसानों को पॉलिहाउस तकनीक, जल संरक्षण, और सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों के बारे में जानकारी दी।

मत्स्यकी कार्यशाला एक नया आयाम

मत्स्यकी कार्यशाला में किसानों को मत्स्य पालन के उन्नत तरीकों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यशाला में किसानों को आधुनिक तकनीकों जैसे रीसकुर्लेटिंग एक्वाकल्चर सिस्टम आर एएस और जैविक मत्स्य पालन की बारीकियां सिखाई गईं।
किसानों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस तरह उन्होंने सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपने उत्पादन में बढ़ोतरी की ।

सरकारी योजनाओं और अनुदानों की जानकारी

कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के पदाधिकारियों ने किसानों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में बताया। किसानों को विभिन्न योजनाओं के आवेदन प्रक्रिया, अनुदान और लाभों की जानकारी दी गई।

किसानों की प्रतिक्रिया

मेले में शामिल किसानों ने इसे अत्यधिक लाभकारी बताया। किसान ने कहा, ₹इस तरह के मेले हमें नई तकनीकों और सरकारी योजनाओं को समझने का मौका देते हैं।यह दो दिवसीय कृषि मेला न केवल किसानों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बना, बल्कि उन्हें अपनी उपज को उन्नत तकनीकों और नए बाजारों से जोड़ने का अवसर भी प्रदान किया। किसानों ने इस आयोजन को अपने ज्ञान और कौशल को बढ़ाने का बेहतरीन जरिया बताया।मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला मत्स्य पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार, भूमि संरक्षण पदाधिकारी राहुल गुप्ता, उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण कुमार भोक्ता, जिला कृषि अभियंता राम प्रकाश कुमार अग्रिम बैंक प्रबंधक सुधीर कुमार, उप परियोजना निदेशक मन्टू कुमार, कंचन कुमार सुमन, बी० टी० एम०, अजय कुमार पुरी, बी० टी० एम०, प्रीतम ठाकुर, अमित कुमार, कृष्ण कुमार सिंह के अलावे अधिक की संख्या में कृषक उपस्थित थे।

# गणतंत्र दिवस 2025 की तैयारी को लेकर आयोजित बैठक संपन्न




दुमका : जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में गुरुवार को पुलिस लाइन दुमका में गणतंत्र दिवस 2025 की तैयारियों को लेकर समाहरणालय के सभागार कक्ष में बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री राजकीय समारोह के मुख्य अतिथि रहेंगे। उसी अनुरूप समारोह गरिमामय,भव्य एवं आकर्षक होना चाहिए।
उपायुक्त ने कहा कि नगर की साफ-सफाई पूरी प्राथमिकता के साथ की जाए। शहर के सभी चौक चैराहों पर लगे महापुरूषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई रंग रोगन किया जाए। राजकीय समारोह के अवसर पर परिवहन व्यवस्था ठीक ढंग से होना चाहिए। पार्किंग की व्यवस्था सही तरीके से करें,ताकि समारोह के उपरांत मुख्य अतिथि के जाने के पश्चात सभी अतिथि सुगमता से प्रस्थान कर सके तथा किसी प्रकार का भीड़ या जाम ना लगे।
उपायुक्त ने नागरिकों से यह अपील किया कि गणतंत्र दिवस का उल्लास हम सब अपने घरों के रंगरोगन और प्रकाशोत्सव के रूप में मनाकर प्रकट करें। यह हमारा राष्ट्रीय पर्व है। इसे हमसब मिलकर पूर्ण उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाये। पुलिस लाईन में संस्कृति और विकास से सम्बद्ध भव्य झांकियां निकाली जायेगी। झांकियों का उद्देश्य सरकार के विभिन्न योजनाओं तथा संदेश लोगों तक पहुंचाना है। उपायुक्त ने कहा कि परेड और राष्ट्रगान का पूर्वाभ्यास आरम्भ हो गया है। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को निदेश दिया कि कार्यक्रम स्थल पर एंबुलेंस एवं पूरी चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था रखेंगे। 24 जनवरी को ड्रेस के साथ फाइनल रिहर्सल किया जाएगा। जिसका निरीक्षण उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक करेंगे।
बैठक में पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, वन प्रमंडल पदाधिकारी, आईटीडीए निदेशक, सहायक समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सहित सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## वन भोज सह मिलन समारोह समारोह से आपसी संबंध होते हैं मजबूत : शांति सरोजिनी मुर्मू



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा :** पाकुड़ रोड महाराजपुर लिंक केबिन के समीप गुरुवार को प्रखंड कमेटी झामुमो के द्वारा वन भोज सह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि संजीव सामू हेंब्रम एवं सांसद की मां शांति सरोजिनी मुर्मू मुख्य रूप से उपस्थित हुए।मौके पर संसद की मां ने कहा कि वन भोज सह मिलन कार्यक्रम करने से हम कार्यकताओं की बीच आपसी संबंध और मजबूत होती है।कार्यकर्ता ऊजार्वान और खुश होते हैं वहीं सांसद प्रतिनिधि सजीव सामू हेंब्रम ने कहा हम कार्यकताओं को आपस में मिलने झूलने का एक अच्छा प्लेटफार्म वन भोज जैसे कार्यक्रम से कार्यकताओं को एक दूसरे से मिलने का मौका मिलता है।मौके पर सांसद प्रतिनिधि बरहरवा अब्दुल कादिर,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल गफूर,नगर अध्यक्ष धर्मवीर कुमार महतो,प्रखंड सचिव प्रदीप साहा,प्रखंड युवा अध्यक्ष नूरुल शेख,नगर सचिव मोहम्मद इकबाल हुसैन,नगर कोषाध्यक्ष दिनेश सेन,बेदा शेख,सभी पंचायत एव नगर से आए हुए दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जिला स्तरीय किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी संपन्न





मेट्रो रेज संवाददाता

**दुमका :** जिला संयुक्त कृषि भवन परिसर में जिला स्तरीय किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी का उद्घाटन गुरुवार को जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। स्वागत संबोधन में जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा कृषि, आत्मा, उद्यान, भूमि संरक्षण, मत्स्य, एवं संबंधित विभाग के योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। उपायुक्त द्वारा विभागीय योजनाओं के कार्यान्यवन में तेजी लाते हुए किसानो के हित में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही उपस्थित किसानों को योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया गया। क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केन्द्र, दुमका के वैज्ञानिक के द्वारा फसल में देने के लिए उर्वरक, खाद्य, कीटनाशी दवा, पौधो में लगने वाले बीमारी एवं उपचार के बारे में विस्तार से बताया गया। इस जिला स्तरीय किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी में किसानों द्वारा फसल उत्पाद में गेहूं, मक्का, चना, मसूर, मटर, फल, फूल एवं महिलाओं द्वारा निर्मित अचार आदि का प्रदर्शनी लगाया गया। इसके अतिरिक्त ब्रौकली, फुलगोभी, बंधागोभी, गांठगोभी, राजमा, फेंचबीन, सब्जी इत्यादी का प्रदर्शनी लगाया गया। इस जिला स्तरीय किसान मेले में कृषि, आत्मा, बीज परीक्षण, मिट्टी सायनज्ञ, उद्यान, भूमि संरक्षण, मत्स्य, गव्य, जेएसएलपीएस, इफ्को एवं संबंधित विभाग द्वारा स्टॉल लगाया गया जिसमें विभाग द्वारा संचालित योजना को प्रदर्शन किया गया।

# 'बॉर्डर 2' की तैयारी में जुटे वरुण धवन सेट से सामने आई पहली तस्वीर



वरुण धवन का 'बेबी जॉन' में दमदार एक्शन और शानदार अदाकारी करना उनके फैंस के लिए सराहनीय रहा, हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। अब वरुण अपनी अगली महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट 'बॉर्डर 2' पर पूरी तरह फोकस कर चुके हैं। उनकी पहली तस्वीर ने दर्शकों के बीच नई उम्मीदें जगा दी हैं। 'बॉर्डर 2' का हिस्सा बनना वरुण के लिए न केवल एक बड़ा कदम है बल्कि यह उनके करियर में एक महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ सकता है। उनकी तस्वीर से साफ है कि वह एक डेडिकेटेड सोल्जर के किरदार में नजर आएंगे। वरुण अपनी फिटनेस और परफॉर्मेंस पर लगातार काम कर रहे हैं, ताकि वह अपने किरदार में पूरी तरह से ढल सकें।

'बॉर्डर 2' को लेकर दर्शकों का उत्साह वाकई चरम पर है, और इस नई जानकारी ने फिल्म को लेकर उम्मीदें और बढ़ा दी हैं। झांसी में शूटिंग शुरू होने के साथ ही, यह साफ है कि फिल्म का निर्माण बड़े पैमाने पर हो रहा है और अनुराग सिंह जैसे प्रतिभाशाली निर्देशक इसे अपनी दृष्टि से एक यादगार अनुभव बनाने में जुटे हैं। भूषण कुमार जैसे बड़े निमार्ता का साथ मिलना भी इस बात का संकेत है कि फिल्म में जबरदस्त प्रोडक्शन वैल्यू देखने को मिलेगी।

वरुण धवन के साथ सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, और अहान शेट्टी जैसे कलाकारों की मौजूदगी इसे एक स्टार-स्टडेड फिल्म बनाती है। खासतौर पर सनी देओल का नाम 'बॉर्डर' फ्रैंचाइजी से जुड़ा होने के कारण प्रशंसकों के लिए एक भावनात्मक कड़ी साबित होगा। दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी की एंट्री फिल्म को नई पीढ़ी से जोड़ने का प्रयास है। यह फिल्म 23 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# सैफ पर हमले के बाद सामने आया अभिनेता के घर के बाहर का वीडियो



बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हाल ही में चाकू से जानलेवा हमला किया गया। इस हमले में सैफ गंभीर रूप से घायल हो गए और उनका लीलावती अस्पताल में इलाज चल रहा है। सैफ की गर्दन और हाथ में चोट लगी है। हमले के बाद सैफ अली खान के घर के बाहर की रात का वीडियो सामने आया है। पैपराजी ने इंस्टाग्राम पेज से एक वीडियो शेयर किया है। यह वीडियो सैफ पर हमले के बाद का है। इस वीडियो में करीना कपूर घरेलू स्टाफ से बात करती नजर आ रही हैं। वीडियो में करीना कर्मचारियों से सवाल करती और उनसे जानकारी लेती नजर आ रही हैं। पुलिस ने अनुमान लगाया है कि हमलावर सैफ अली खान के घर में पीछे से घुसा था। शुरूआती जानकारी मिल रही है कि हमलावर सैफ के घर में काम करने वाले हेल्पर से मिलने आए थे। सैफ पर हमला करने से पहले हमलावर सैफ-करीना के बेटे तैमूर के कमरे में जा रहा था। सैफ की नौकरानी ने हमलावर को तैमूर के कमरे की ओर जाते देखा और चिल्लाने लगी। नौकरानी के चिल्लाने पर बगल के कमरे में सो रहे सैफ अली खान जाग गए और बाहर आ गए। हमलावर को रोकने के लिए दौड़ते है। इस हाथापाई में हमलावर ने सैफ पर चाकू से 6 बार वार किया। इसमें सैफ गंभीर रूप से घायल हो गए।




# फिल्म 'लवयापा' का रोमांटिक गाना 'रहना कोल...' रिलीज

जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म 'लवयापा' के टाइटल ट्रैक और ट्रेलर के रिलीज के बाद से ही दर्शक रोमांटिक कॉमेडी को बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेताब हैं। अब, निमार्ताओं ने फिल्म का रोमांटिक मेलोडी 'रहना कोल...' रिलीज कर दर्शकों को एक और तोहफा दिया है। यह गाना रिलीज होते ही पूरे देशभर के दर्शकों को पसंद आ रहा है। कोरियोग्राफर फराह खान, जिन्होंने आमिर खान के लिए 'पहला नशा' को डायरेक्ट किया था। अब जुनैद के पहले गाने को उनके थियेट्रिकल डेब्यू के लिए कोरियोग्राफ किया है। वही नेटिजन्स भी इस जाने को खूब पसंद कर रहे हैं। 'रहना कोल...' गाने ने भी काफी ध्यान आकर्षित किया है, क्योंकि इसमें आमिर खान की 'पहला नशा' की धुन के साथ एक झलक दिखाई गई है। जुनैद ने आमिर के इस गाने के आइकॉनिक पोज को रीक्रिएट किया है, जो सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहा है और नेटिजन्स लगातार इसकी तारीफ कर रहे हैं। फिल्म 'लवयापा' 7 फरवरी 2025 को रिलीज होने वाली है।

# निक पोथास ने बांग्लादेश के सहायक कोच पद से दिया इस्तीफा

एजेंसी



**नई दिल्ली :** बांग्लादेश के सहायक कोच निक पोथास ने पारिवारिक कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। 2023 में बांग्लादेश के कोचिंग स्टाफ में शामिल होने वाले पोथास को शुरू में मार्च 2026 तक काम करने के लिए अनुबंधित किया गया था। हालाँकि, पूर्व दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज ने आगामी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले पद छोड़ने का फैसला किया। पोथास ने अपने फेसबुक पेज पर एक पोस्ट कर अपने इस्तीफे की घोषणा की। उन्होंने फेसबुक पर लिखा, ₹सभी अच्छी चीजों की तरह, यह भी खत्म होना चाहिए। बांग्लादेश क्रिकेट टीम के साथ रहते हुए मैंने कुछ बेहतरीन लोगों के साथ शानदार समय बिताया है। हमने इस दौरान कई रिकॉर्ड तोड़े हैं, इतिहास रचा है और अद्भुत यादें बनाई हैं। अब घर पर कुछ बेहतरीन समय बिताने और यह देखने का समय है कि अगला अध्याय क्या लेकर आता है। मैं बांग्लादेश क्रिकेट के सभी लोगों को आने वाले रोमांचक वर्ष के लिए शुभकामनाएं देता हूं। मैं आपको मिस करूंगा। एक दशक से ज्यादा लंबे कोचिंग करियर में पोथास वेस्टइंडीज (2018-2019) और श्रीलंका (2017-2018) दोनों के लिए मुख्य कोच के तौर पर काम कर चुके हैं। उन्होंने इन टीमों के लिए सहायक कोच, फील्डिंग कोच और मुख्य फील्डिंग कोच के तौर पर भी काम किया है। बांग्लादेश में शामिल होने से पहले, वे हैम्पशायर काउंटी क्रिकेट क्लब में विकेटकीपिंग कोच थे। अपने खेल करियर के दौरान, दाएं हाथ के बल्लेबाज पोथास ने तीन वनडे मैचों में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व किया और प्रथम श्रेणी और लिस्ट ए क्रिकेट में 16,000 से ज्यादा रन बनाए। हाल ही में, बीसीबी ने मोहम्मद सलाहुद्दीन को वरिष्ठ सहायक कोच नियुक्त किया। सलाहुद्दीन ने बांग्लादेश के वेस्टइंडीज दौरे के दौरान बल्लेबाजी कोच के तौर पर भी काम किया।

# साकिब महमूद को इंग्लैंड के भारत दौरे के लिए मिला वीजा



**नई दिल्ली :** साकिब महमूद को आखिरकार भारत में इंग्लैंड की आगामी सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए अपना वीजा मिल गया है, जिसका अर्थ है कि वह बुधवार को होने वाले पहले टी20 मैच से पहले शुक्रवार को टीम के साथ कोलकाता जा सकेंगे। पाकिस्तानी मूल के महमूद को यात्रा दस्तावेज प्राप्त करने में देरी का सामना करना पड़ा, जिसके कारण वे संयुक्त अरब अमीरात में इंग्लैंड के प्रशिक्षण शिविर में भाग नहीं ले सके। हालांकि आदिल राशिद और रेहान अहमद को पहले ही अपना वीजा मिल गया था। लंकाशायर के इस तेज गेंदबाज को पहले भी इसी तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ा था, जब 2019 में इंग्लैंड की टीम भारत दौरे पर आई थी। 2024 में, वीजा की धीमी प्रक्रिया के कारण इंग्लैंड के ऑफ स्पिनर शोएब बशीर भी हैदराबाद में भारत के खिलाफ पहला टेस्ट मैच चूक गए थे। महमूद को भारत दौरे से पहले अबू धाबी में तेज गेंदबाजी सलाहकार जेम्स एंडरसन के नेतृत्व में एक तेज गेंदबाजी शिविर में भाग लेना था, जिसमें जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, ब्रायडन कार्स और मार्क वुड जैसे खिलाड़ी शामिल थे। 27 वर्षीय महमूद ने नवंबर में कैरिबियन में इंग्लैंड की टी20आई सीरीज के दौरान 10.55 की औसत से नौ विकेट लिया था, जिससे उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया था। 2022 में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट कैप सहित सभी प्रारूपों में 29 प्रदर्शनों के साथ, महमूद मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम को प्रभावित करने के लिए उत्सुक होंगे जो अब इंग्लैंड की रेड- और व्हाइट-बॉल टीमों के प्रभारी हैं।

# महिला प्रीमियर लीग 2025 की मेजबानी करेंगे बड़ौदा, बेंगलुरु, लखनऊ और मुंबई



**नई दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को बहुप्रतीक्षित टाटा महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 के कार्यक्रम की घोषणा की। दुनिया की प्रमुख महिला टी20 लीग का तीसरा संस्करण चार शहरों - बड़ौदा, बेंगलुरु, लखनऊ और मुंबई में आयोजित किया जाएगा। टूनार्मेंट 14 फरवरी को बड़ौदा के नवनिर्मित बीसीए स्टेडियम में शुरू होगा, जहां गुजरात जायंट्स (जीजी) गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ एक हाई-ऑक्टेन सीजन ओपनर में भिड़ेगा। बड़ौदा कुल छह मैचों की मेजबानी करेगा, इससे पहले कि कार्रवाई बेंगलुरु में स्थानांतरित हो जाए, जहां आरसीबी अपना पहला घरेलू मैच 21 फरवरी को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में पहले डब्ल्यूपीएल संस्करण की चैंपियन मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ खेलेगी। आरसीबी के पास अपने घरेलू दर्शकों का मनोरंजन करने के तीन और अवसर होंगे, क्योंकि वे 24 फरवरी को यूपी वारियर्स (यूपीडब्लू), 27 फरवरी को गुजरात और 1 मार्च को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) की मेजबानी करेंगे। रोमांच को और बढ़ाते हुए, लखनऊ इस सीजन में डब्ल्यूपीएल स्थल के रूप में अपनी शुरूआत करेगा, जिसमें लखनऊ की टीम 3 मार्च से अपने घरेलू मैदान पर तीन मैच खेलेगी। टूनार्मेंट का अंतिम चरण मुंबई में होगा, जिसमें प्रतिष्ठित क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (सीसीआई) अंतिम दो लीग मैचों और दो उच्च-दांव प्लेऑफ खेलों की मेजबानी करेगा। मुंबई इंडियंस 10 और 11 मार्च को क्रमशः गुजरात और आरसीबी के खिलाफ बैक-टू-बैक घरेलू खेलों के साथ लीग चरण का समापन करेगी। प्लेऑफ में वर्चस्व की लड़ाई अपने चरम पर पहुँच जाएगी, जिसमें तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीमें सीधे फाइनल में प्रवेश करेंगी। दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें गुरुवार, 13 मार्च को एक रोमांचक एलिमिनेटर में भिड़ेंगी, जिसमें ग्रैंड फि नाले में प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिलेगा। प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए अंतिम मुकाबला शनिवार, 15 मार्च को निर्धारित है। पिछले सत्र के प्रारूप को जारी रखते हुए, तीसरे संस्करण में सभी मैच एकल-हेडर होंगे।



# खो-खो के खेल ने मेरा पूरा जीवन बदल दिया: रामजी

**नई दिल्ली :** खो–खो विश्व कप में भारतीय पुरुष टीम का शानदार प्रदर्शन जारी है। भूटान के खिलाफ जीत में अहम भूमिका निभाने वाले भारतीय ऑलराउंडर रामजी कश्यप ने हिन्दुस्थान समाचार के संवाददाता सुनील दुबे से विशेष बातचीत की। रामजी ने अपने जीवन की संघर्षपूर्ण यात्रा और खो–खो के खेल से जुड़े अनुभव साझा किए। प्रस्तुत हैं इस साक्षात्कार के मुख्य अंश।

**प्रश्न: खो–खो में आपकी यात्रा कैसे शुरू हुई?**

**रामजी कश्यप:** मैं महाराष्ट्र के छोटे से गांव बेलापुर से हूं। जब मैं पांचवीं कक्षा में था, तो मेरी दौड़ने की गति बहुत तेज थी। मेरे एक शिक्षक ने मुझसे कहा, ₹तू बहुत तेज भागता है, खो–खो खेलेगा क्या?₹ मैंने तुरंत हां कहा और वहीं से मेरी खो–खो की यात्रा शुरू हुई। इसके बाद मैंने मेहनत जारी रखी और अब तक 11 राष्ट्रीय टूनार्मेंटों में खेल चुका हूं।

**प्रश्न: महाराष्ट्र से निकलकर देश का प्रतिनिधित्व करने तक का सफर कैसा रहा?**

**रामजी कश्यप:** शुरूआती दिनों में यह सफर बेहद मुश्किल था। क्लब स्तर पर खेलते समय मेरे माता–पिता ने मेरा समर्थन नहीं किया। वे चाहते थे कि मैं पढ़ाई करूं और नौकरी तलाशूं, क्योंकि हमारी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। मेरे पिताजी बिस्किट के बॉक्स बनाते थे। हालांकि, मेरी बहन और बड़े भाई ने मेरा पूरा साथ दिया। उन्होंने कहा कि घर की जिम्मेदारी वे संभालेंगे और मुझे खेल पर ध्यान देना चाहिए। जब 2017 में भारतीय टीम में मेरा चयन हुआ, तब मेरे पास इतने पैसे भी नहीं थे कि मैं खेल के लिए जूते खरीद सकूं। मेरे कोच सोमा सर ने मेरी काफी मदद की। उन्होंने यात्रा का किराया दिया और जूते भी दिलवाए। उनके सहयोग के बिना मैं यहां तक नहीं पहुंच पाता।

**प्रश्न: खो–खो के खेल ने आपके जीवन को कैसे बदला?**

रामजी कश्यप: जब मेरा चयन नेशनल टीम में हुआ, तब सुविधाएं बहुत कम थीं। लेकिन फिर अल्टीमेट खो–खो लीग आई, जिसमें मैं दो साल तक बेस्ट प्लेयर रहा। इस खेल ने मुझे न केवल पहचान दिलाई, बल्कि रेलवे में नौकरी भी दी। आज मैं भारत का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं और यह सब खो–खो की वजह से ही संभव हो पाया है।

## फिजिकली डिसेबल्ड क्रिकेट चैंपियंस ट्रॉफी 2025

# भारत ने पाकिस्तान को 5 विकेट से हराया

एजेंसी



**कोलंबो :** फिजिकली डिसेबल्ड क्रिकेट चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत का अपराजेय क्रम गुरुवार को चौथे दिन पाकिस्तान पर 5 विकेट की जीत के साथ जारी रहा। यह मैच एफटीजेड क्रिकेट ग्राउंड, कटुनायके में आयोजित किया गया था, जिसमें भारतीय टीम ने एक और उल्लेखनीय जीत दर्ज की। मैच में टॉस जीतकर पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और 20 ओवर में 138/5 का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। जीतेंद्र वी.एन. ने शानदार गेंदबाजी की और 4 ओवर में 25 रन देकर 3 विकेट लिए, जबकि नरेंद्र मंगोर और सनी ने एक-एक विकेट लेकर टीम का बहुमूल्य साथ दिया। सैफ उल्लाह ने 51 गेंदों पर 58 रनों की ठोस पारी खेलकर पाकिस्तान की पारी को संभाला। भारत की ओर से राजेश कन्नूर ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 52 गेंदों पर 10 चौके और एक छक्के की मदद से 74 रनों की शानदार नाबाद पारी खेली और भारत को 18 ओवर में 141/5 का स्कोर बनाने में मदद की। नियमित अंतराल पर विकेट खोने के बावजूद, कन्नूर के संयमित रवैये ने सुनिश्चित किया कि टीम आसानी से लक्ष्य तक पहुँच जाए। उनके असाधारण प्रदर्शन ने उन्हें मैन ऑफ द मैच का खिताब दिलाया। स्वयम की संस्थापक-अध्यक्ष स्मिनू जिंदल ने कहा, इस टूनार्मेंट में भारत का प्रदर्शन असाधारण रहा है। प्रत्येक मैच उन क्रिकेटरों की क्षमता को दशार्ता है जो चुनौतियों से ऊपर उठते हैं और जुनून के साथ प्रदर्शन करते हैं। डीसीसीआई के साथ हमारी साझेदारी खेलों में समावेशिता को बढ़ावा देने पर केंद्रित है, और टीम की सफलता दशार्ती है कि जब अवसर सुलभ हों तो क्या संभव है। उनकी उपलब्धियाँ देश भर में अनगिनत व्यक्तियों को प्रेरित करेंगी। मैन ऑफ द मैच राजेश कन्नूर ने कहा, ₹मैं जीत में अहम भूमिका निभाकर रोमांचित हूँ। इस टूनार्मेंट में टीम की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देकर बहुत अच्छा लग रहा है। हमारे गेंदबाजों ने पाकिस्तान को रोकने का शानदार काम किया, जिससे हमें लक्ष्य का पीछा करने के लिए ध्यान केंद्रित करने का आत्मविश्वास मिला। मैं बस शांत रहना चाहता था, अपने शॉट्स चुनना चाहता था और टीम को जीत दिलाना चाहता था। हर खेल आगे बढ़ने और अपनी स्थिति को मजबूत करने का एक अवसर है, और मैं इस फॉर्म को जारी रखने के लिए उत्सुक हूँ। भारतीय कप्तान विक्रांत केनी ने कहा, ₹हमारा प्रदर्शन इस टीम की ताकत और दृढ़ संकल्प को दशार्ता है। पाकिस्तान को नियंत्रण में रखने में जीतेंद्र की गेंदबाजी अहम रही और राजेश की बल्लेबाजी बेहतरीन रही। उनकी पारी ने न केवल लक्ष्य का पीछा करने में हमारी मदद की बल्कि हमें आत्मविश्वास के साथ खेल खत्म करने की गति भी दी। टीम इस जीत की लय को बनाए रखने के अपने लक्ष्य को लेकर एकजुट है और हम आगे की चुनौतियों को लेकर उत्साहित हैं। लगातार चार जीत के साथ भारत ने खुद को चैंपियनशिप के लिए एक मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित कर लिया है। टीम का अगला मुकाबला 18 जनवरी को इंग्लैंड से होगा।

# दिल्ली समेत उत्तर-पश्चिम भारत में अगले दो दिन तक घना कोहरा छाने की संभावना, येलो अलर्ट

एजेंसी



**नई दिल्ली :** दिल्ली में कड़ाके की ठंड के बीच हुई बारिश से सर्दी और बढ़ गई है। मौसम विभाग ने गुरुवार के साथ आगे भी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अगले दो दिन तक सुबह और शाम को घना कोहरा छाने की संभावना जताई है। इसके लिए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक, बुधवार रात करीब 11.30 बजे दिल्ली के कुछ हिस्सों में बारिश शुरू हुई और रात 11.30 से सुबह 5.30 बजे के बीच 3.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। वहीं, पालम में 8.6 मिलीमीटर, पूसा में 7.5 मिलीमीटर और मयूर विहार में 4 मिलीमीटर बारिश हुई। राजधानी में अधिकतम तापमान 19.6 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बारिश के बाद अगले दो दिन तक दिल्ली और आसपास के राज्यों में भी दो दिन तक सुबह और शाम को घना कोहरा छाने की संभावना जताई है। इसके लिए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। गुरुवार को भारत मौसम विज्ञान विभाग की वैज्ञानिक सोमा सेन ने बताया कि उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तर भारत के कई स्थानों पर बुधवार औ? गुरुवार को बारिश हुई। यह पश्चिमी विक्षोभ पूर्व की ओर बढ़ रहा है, जिसके कारण पहाड़ी इलाकों में गरज के साथ बारिश होने की संभावना है और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भारी बारिश और पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि 18-19 जनवरी से एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ आने की उम्मीद है। जिसके कारण उत्तर भारत में बारिश होने की संभावना है।तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी और उत्तर-पश्चिम भारत में कोहरे की स्थिति बढ़ सकती है।

**घना कोहरा चेतावनी**

पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ के कई हिस्सों में 16 और 17 जनवरी को रात और सुबह के समय घना से बहुत घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। 16 और 17 तारीख को उत्तर प्रदेश और पूर्वी राजस्थान के अलग-अलग इलाकों में और 16 जनवरी को पश्चिमी राजस्थान में घना कोहरा छाए रहने की संभावना है।

## उत्तर प्रदेश गौ-सेवा आयोग के अध्यक्ष ने गौपालकों को सौंपी 300 गाय

**जालौन :** मकरसंक्रांति के अवसर पर विकास खंड कुठौंद में मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत गोपालकों को गायें सुपुर्द की गईं। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश गौ–सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने की। इस दौरान गोपालकों को गायों के साथ–साथ उन्हें सरकार द्वारा निर्धारित 50 रुपए प्रति दिन के हिसाब से आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री सहभागिता योजना का उद्देश्य प्रदेश में गौ पालन को बढ़ावा देना और गौपालकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इस योजना के तहत प्रत्येक विकास खंड में दिनांक 14 जनवरी से 16 जनवरी के मध्य 300 गायें गौपालकों को सुपुर्द की गई हैं। कार्यक्रम में शामिल हुए श्याम बिहारी गुप्ता ने इस योजना के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि गायों की देखभाल और पालन से किसानों और ग्रामीणों की आय में वृद्धि होगी, साथ ही यह समाज में गोसेवा को बढ़ावा देने में सहायक होगा।

## जनरल विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त) ने मिजोरम के राज्यपाल पद की शपथ ली



एजेंसी

**आइजोल :** पूर्व सेना प्रमुख जनरल वीके सिंह (सेवानिवृत्त) ने मिजोरम के 25वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली। गुरुवार को गुवाहाटी हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विजय विश्नोई ने राजभवन के सर्कुलर लॉन में उन्हें पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री लालदुहोमा, उनके कैबिनेट सहयोगी, विधानसभा अध्यक्ष लालबिआकजामा, उपाध्यक्ष लालफमकीमा और प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। मिजोरम के पूर्व मुख्यमंत्री जोरामथांगा और लाल थनहवला भी इस अवसर पर मौजूद रहे। सेवानिवृत्त जनरल सिंह ने आइजोल आने से पहले गुवाहाटी में स्थित कामाख्या मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

पूर्व सेना प्रमुख जनरल विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त) का जन्म 10 मई, 1951 में हुआ था। जनरल विजय कुमार सिंह वर्ष 2010 से 2012 तक भारतीय सेना के 24वें सेना प्रमुख रहे।

## विनीत जोशी ने शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग में सचिव का पदभार ग्रहण किया

नई दिल्ली : भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी विनीत जोशी ने गुरुवार को नई दिल्ली में स्थित शास्त्री भवन में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव का पदभार ग्रहण किया। शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि जोशी ने पदभार ग्रहण करने के बाद मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत की। मणिपुर कैडर के 1992 बैच के आईएएस अधिकारी जोशी इससे पहले शिक्षा क्षेत्र में कई अहम पदों पर रह चुके हैं। इस नियुक्ति से पहले जोशी मणिपुर के मुख्य सचिव के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में कई प्रमुख पदों पर कार्य किया है, जिनमें राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के महानिदेशक, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के अध्यक्ष और शिक्षा मंत्रालय में अपर सचिव पद सम्मिलित हैं। जोशी ने आईआईटी कानपुर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग और भारतीय विदेश व्यापार संस्थान से एमबीए की डिग्री प्राप्त की है।

**दुर्गा वाहिनी के अभ्यास वर्ग का शुभारम्भ**

## राष्ट्र जागरण के लिए विश्व हिंदू परिषद की स्थापना हुई : विनायक राव देशपांडे

एजेंसी




**महाकुंभ नगर :** मातृ शक्ति-दुर्गा वाहिनी के अखिल भारतीय अभ्यास वर्ग का उद्घाटन गुरुवार को विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री विनायक राव देशपांडे ने सेक्टर-7 18 में महाकुम्भ शिविर में स्थित सांदिपनी सभागार में दीप जलाकर किया। विनायक राव देशपाण्डे ने अपने सम्बोधन में कहा कि कार्यकर्ता के विकास के लिए बीच-बीच में प्रशिक्षण वर्ग की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि भारत में संतों की अखंड परम्परा है, लड़ने वाले वीरों की भी परम्परा है। विजयनगर साम्राज्य के कारण दक्षिण भारत अजेय रहा। महाराणा प्रताप के समय में उत्तर भारत अजेय रहा। शिवाजी के नेतृत्व में महाराष्ट्र अजेय रहा। पंजाब में गुरु गोविन्द सिंह के नेतृत्व में विजय अभियान चलाया गया। महापुरुषों ने अपने शौर्य और पराक्रम से भारत को सुरक्षित किया। एकत्रित अभियान नहीं चला। एक ही समय में सम्पूर्ण भारत में जागरण की प्रक्रिया नहीं हुई, अन्यथा देश तभी सुरक्षित हो जाता। नसारे देश में एक ही समय में, एक ही पद्धति से जागरण की प्रक्रिया चले, इसीलिए विश्व हिन्दू परिषद की स्थापना हुई है। संविधान का पालन करते हुए, संविधान के दायरे में रहते हुए, देश के सभी कोने में राष्ट्र जागरण हो सके, इसीलिए विश्व हिन्दू परिषद काम करता है। विनायक राव ने कहा कि हिन्दूओं पर अन्याय करना और ईसाई, मुसलमानों को प्रश्रय देना ही आज सेक्युलरिज्म है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद मिशनरीज वाले भारत से जाने वाले थे, लेकिन सेक्युलर नेताओं ने उन्हें रोक लिया।

# गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के वडनगर में जनता को समर्पित किया पुरातत्व संग्रहालय

**प्रेरणा संकुल व स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन**

एजेंसी



**वडनगर :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को वडनगर में 298 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित पुरातत्व अनुभव संग्रहालय, 72 करोड़ रुपए की लागत से तैयार ह्यप्रेरणा संकुलह्ण और 33.50 करोड़ रुपए की लागत से विकसित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, सांसद हरिभाई पटेल समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने वडनगर में आयोजित समारोह में कहा कि वडनगर के पुरातत्व अनुभव संग्रहालय के जरिए विरासत पर गौरव और गुलामी के अवशेषों का नाम शेष करना संभव हो पाएगा। यह म्यूजियम सात स्तर (परत) यानी हमारे आर्थिक, आध्यात्मिक, सामाजिक, नैतिक, भौतिक और सांस्कृतिक विकास का प्रतीक है, जिसे यहां संजोया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पंच प्रण में युवाओं में विरासत के गौरव को अनुभूति कर भविष्य को आधुनिकता के आधार पर गढ़ने का साहस और गौरव लाने का संदेश निहित है। केन्द्रीय मंत्री शाह ने कहा कि वडनगर पुरातन शहरों में से एक है। अपनी अक्षुण्ता और जीवंतता के कारण देश के हर काल की संस्कृति और संस्कार को प्रभावित किया है। हजारों साल से अनथक वडनगर की यात्रा चलती गई, 2500 साल पुराने इसके इतिहास का प्रमाण भी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना साकार हुई है जिसमें 300 करोड़ रुपये की लागत से पुरातात्विक अनुभवनात्मक संग्रहालय का निर्माण हुआ है। इसके जरिए उन्होंने न सिर्फ वडनगर बल्कि गुजरात और देश की संस्कृति को दुनिया के नक्शे पर रखा गया है। संग्रहालय भवन, उत्खनन स्थल के जरिए 2500 साल पुरानी यात्रा को जीवंत किया गया है। शाह ने कहा कि म्यूजियम न सिर्फ वडनगर के पुरातन होने का बोध देता है, बल्कि हर समय-समयांतर में संस्कृति, व्यापार, नगर रचना, शिक्षा और शासन के योगदान को उजागर करता है।

शाह ने कहा कि जिस स्कूल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्राथमिक शिक्षा प्राप्त की है, उसे प्रेरणा संकुल के रूप में विकसित किया गया है। प्रेरणा संकुल देश के भविष्य में बड़े व्यक्तियों का निर्माण करेगा। खेल परिसर के उद्घाटन के संबंध में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लक्ष्य रखा है कि 2036 का ओलंपिक अहमदाबाद में होगा, इस खेल परिसर में वडनगर के बच्चे तैयार होकर ओलंपिक में हिस्सा लेंगे।

## बहनों की सगाई से पहले तमंचे के बल पर लाखों की लूट

**बिजनौर :** अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के गांव मानियावाला में बदमाशों ने बुधवार की रात एक परिवार को गन प्वाइंट पर लेकर बंधक बना लिया और लाखों की लूटकर डाली। एक घंटे तक बदमाशों ने घर का कोना–कोना खंगाला। पीड़ित परिवार के अनुसार बदमाश करीब डेढ़ लाख की नकदी,तीन तोले सोने के आभूषण और चांदी समेत लगभग पौने चार लाख का कीमती सामान ले गए। बृहस्पतिवार की सुबह गांव पहुंचे एसपी अभिषेक झा ने पीड़ित परिवार से घटना की जानकारी ली। लुटेरों को पकड़ने के लिए पुलिस की तीन टीमें बनाई गई। वही डॉग स्क्वाड व फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट टीम ने मौके पर पहुंचकर बारीकी से घटना की जांच शुरू कर दी। थाना क्षेत्र के गांव मानियावाला में बुधवार की रात करीब सवा दो बजे हथियारों से लैस बदमाशों ने मौलाना फुरकान अहमद के घर में दीवार फांदकर घुस गए। तमंचों के बल पर बदमाशों ने घर में सो रहे परिवार के करीब सात सदस्यों को एक कमरे में बंधक बना लिया। बदमाशों ने मौलाना फुरकान अहमद के घर का कोना–कोना खंगाल डाला। परिजनों के मुताबिक कुछ बदमाश घर के अंदर थे, जबकि एक बाहर खड़ा बताया गया है। बदमाशों ने कमरों में रखी अलमारी व बक्सों के ताले खोलकर करीब डेढ़ लाख रुपये की नकदी,तीन तोले सोने के आभूषण व चांदी समेत लगभग चार लाख के कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मेन गेट खोलकर फरार हो गए।

## भाजपा ने राहुल गांधी पर साधा निशाना, कहा- वे अर्बन नक्सलियों की गिरफ्त में

एजेंसी




**नई दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राहुल गांधी के इंडियन स्टेट वाले बयान पर निशाना साधा। गुरुवार को भाजपा ने कहा कि राहुल गांधी शहरी नक्सलियों की पूरी तरह से गिरफ़्त में हैं। गुरुवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा ₹ राहुल गांधी अक्सर 'संघ' और भाजपा की आलोचना करते हैं। नेहरू, इंदिरा , राजीव और अन्य लोगों ने भी ऐसा ही काम किया था और अब आप उनसे आगे निकल गए हैं। उन्होंने तंज कसते हुए पूछा कि क्या आपकी पार्टी कहां पहुंच गई है और संघ कहां पहुंच गया है और भाजपा आज कहां है? संघ एक ऐसा राष्ट्रवादी संगठन है, जिसने समाज और राष्ट्र के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया है। आप न तो कुछ जानते हैं, न समझते हैं, न ही समझने की कोशिश करते हैं। राहुल गांधी अर्बन नक्सलियों के जाल में फंस गए हैं। उन्होंने पूछा कि क्या उन्हें अब हिंडनबर्ग रिसर्च की बंद दुकान का ठेका मिल गया है। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने लोकसभा के नेता राहुल गांधी के बयान 'हम भाजपा, आरएसएस और भारतीय राज्य के खिलाफ लड़ रहे हैं' पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, ₹राहुल, भारतीय राज्य की परिभाषा और ढांचे में भारत के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और भारत की संसद शामिल हैं। राहुल संसद में विपक्ष के नेता हैं, इसलिए वे भी इसमें शामिल हैं। राहुल गांधी , जब आप बोलते हैं, तो नासमझी की बातें करते हैं। वे कब अपने शब्दों के निहितार्थ को समझना शुरू करेंगे? रविशंकर प्रसाद ने आरएसएस की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह एक राष्ट्रवादी संगठन है, जो समाज के लिए और देशभक्ति फैलाने के लिए काम कर रहा है। आम आदमी पार्टी पर भी निशाना साधते हुए रविशंकर प्रसाद ने कहा कि इस पार्टी की पहली प्राथमिकता दिल्ली में शराब नीति लाने की है। जिन लोगों ने सीएजी की रिपोर्ट को विधानसभा में आने नहीं दिया। 2600 करोड़ रुपये के घोटाले को छुपाया, वे लोग अब शराब के ठेकेदारों के दवाब में नीति वापस लाने की बात कह रहे हैं, यह पीड़ादायक है।

# कांग्रेस ने पांच सौ रुपये में एलपीजी सिलेंडर, राशन किट और तीन सौ यूनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा की

एजेंसी




**नई दिल्ली :** कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में दिल्ली में सरकार बनने पर प्रत्येक परिवार को हर महीने 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर, मुफ्त एक राशन किट और 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा की है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने गुरुवार को यहां प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कई चुनावी वादों का ऐलान किया। देवेन्द्र यादव ने तेलंगाना की मिसाल देते हुए कहा कि जनता के साथ कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में जो वादे किए थे, उसे 13 महीने के दौरान वहां की सरकार ने पूरे कर दिए। इसीलिए रेवंत रेड्डी अपनी बात दिल्ली के मतदाताओं से कहने के लिए यहां आए हैं। देवेन्द्र यादव ने दिल्ली में एक महीने की कांग्रेस की न्याय यात्रा की चर्चा करते हुए कहा कि इस यात्रा के दौरान वे दिल्ली के कोने-कोने की जनता से मुखातिब हुए। जनता की ओर से जो मुद्दे उठाए गए, उन्हें पूरा करने के लिए कांग्रेस अब तक प्यारी दीदी और जीवन रक्षा योजना तथा पूर्वांचलियों के लिए महाकुंभ की तर्ज पर छठ पर्व का आयोजन जैसी गारंटियों की घोषणा कर चुकी है। देवेन्द्र ने कहा कि आज हम सिलेंडर, फ्री राशन किट और 300 यूनिट मुफ्त बिजली की गारंटी की घोषणा कर रहे हैं। कांग्रेस की इन गारंटियों को सरकार बनने पर पहली ही कैबिनेट बैठक में लागू किया जाएगा। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यादव ने कहा कि कांग्रेस अपनी चौथी गारंटी के रूप में प्रत्येक परिवार को हर महीने 500 रुपये में सिलेंडर और उसके साथ ही प्रत्येक परिवार को एक फ्री राशन किट देगी। इस किट में 5 किलो चावल, 2 किलो चीनी, तीन लीटर तेल, 6 किलो दालें और 250 ग्राम चाय पत्ती मुफ्त में देंगे। महंगाई के इस दौर में महिलाओं को अपनी रसोई चलाने में काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि पांचवीं बड़ी गारंटी के रूप में 300 यूनिट बिजली प्रत्येक परिवार को मुफ्त मिलेगी। यह रकम सीधे उपभोक्ता के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। आआपा सरकार की तरह डिस्कॉम को मालामाल करने की बजाय हम उपभोक्ता को सीधे राहत देंगे। पत्रकार वार्ता में इससे पहले पूर्व तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि तेलंगाना विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने जो चुनावी वादे किए थे, उन्हें उसने पहले 13 महीने में ही पूरा कर दिया। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में किसानों की कर्जमाफी का मुद्दा बहुत बड़ा था।

**न्यूज IN ब्रीफ**

## जबलपुर: तेज रफ्तार कार ने टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जबलपुर :** कटंगी रोड पर आज एक तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार अनियंत्रित हो गयी और बाइक को टक्कर मारते हुये एवं पास के ढाबे की दीवार तोड़ते हुए अंदर जा घुसी। इस हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी इलाज के दौरन मौत हो गई। मृतक का नाम महेन्द्र बहोरे उम्र 50 वर्ष जो की ग्राम टिकारी पनागर का निवासी था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार तेज गति से आ रही थी और चालक ने अचानक नियंत्रण खो दिया। कार ने पहले सड़क पर चल रही मोटरसाइकिलों को जोरदार टक्कर मारी। इस टक्कर से मोटरसाइकिल सवार महेन्द्र बहोरे सड़क पर दूर जाकर गिरा। टक्कर के बाद भी कार नहीं रुकी और सीधे पास के ढाबे की दीवार तोड़ते हुए अंदर घुस गई। ढाबे में मौजूद लोग हादसे से घबरा गए और वहां अफरा-तफरी मच गई। घटना के तुरंत बाद, मौके पर मौजूद लोगों ने कार चालक विकास पांडे उम्र 40 वर्ष को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि चालक नशे में था और तेज गति से वाहन चला रहा था। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

## राजगढ़: बच्चों को सुव्यवस्थित वातावरण में अच्छी शिक्षा मिले-राज्यमंत्री पंवार

**राजगढ़ :** हमारे विद्यालय अच्छे हो, शिक्षा व्यवस्था में विसंगति न रहे इसके लिए सतत प्रयासरत है साथ ही बच्चों को सुव्यवस्थित वातावरण में अच्छी शिक्षा मिले यह हम सभी की जिम्मेदारी है। यह बात राज्य मंत्री नारायणसिंह पंवार ने गुरुवार को ब्यावरा में 43 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले सीएम राईस स्कूल भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम में राज्यमंत्री पंवार ने कहा कि 43 करोड़ रुपये की लागत से बनने जा रहे इस भवन में 2100 छात्र-छात्राओं के बैठने की क्षमता है साथ ही विद्यालय सर्वसुविधा युक्त होगा जिसमें विधार्थियों के आने-जाने के लिए बस सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि हमारी शिक्षा व्यवस्था में विसंगति न रहे और बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले इसके लिए सतत प्रयासरत है। पंवार ने कहा कि हमारे बच्चे हिन्दुस्तान की धड़कन है, हमारी बेटियां किसी से कम नही, अंतरिक्ष में हमारी बेटियों ने परचम लहराया है। उन्होंने बच्चों को स्वामी विवेकानंद, पूर्व राष्ट्रपति डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम, पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के जीवन से रुबरु कराया। श्री पंवार ने इसके अलावा अमृत 2.0 के तहत 67 लाख रुपए की लागत के वाटरबॉडी सौंदर्यीकरण का भी भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत गुर्जर, जिला शिक्षा अधिकारी करणसिंह भिलाला, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आरके.मंडल मौजूद रहे। कार्यपालन यंत्री पीआईयू जायसवाल ने भवन की लागत व होने वाले कार्य और समय सीमा की जानकारी दी।

## मध्य प्रदेश शीतलहर की चपेट में, मुरैना-श्योपुर में हुई बारिश

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। गुरुवार को अधिकांश जिले शीतलहर की चपेट में रहे। कई जिलों में दिन के तापमान में पांच डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है। वहीं, पश्चिमी विक्षोभ के चलते ग्वालियर-चंबल अंचल समेत कई जिलों में सुबह के समय कोहरा छाया। मुरैना और श्योपुर में हल्की बारिश हुई है। छतरपुर का नौगांव प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। यहां गुरुवार को दिन का अधिकतम तापमान 15.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक, वातावरण में बड़े पैमाने पर नमी मौजूद रहने के कारण शुक्रवार-शनिवार को अधिकतर शहरों में कोहरा रहने की संभावना है। भोपाल मौसम विज्ञान केन्द्र से मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार को प्रदेश का सबसे ठंडा नौगांव रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 15.5 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि खजुराहो में दिन का तापमान 16 डिग्री, शिवपुरी में 17 डिग्री, टीकमगढ़ में 17.5 डिग्री, रतलाम में 19.5 डिग्री, गुना में 19.6 डिग्री, रायसेन और सतना में 21.2 डिग्री, धार और रीवा में 21.4 डिग्री, सीधी में 22.2 डिग्री, नरसिंहपुर में 23.2 डिग्री, मलाजखंड में 23.5 डिग्री और सागर में 23.8 डिग्री पारा रहा। ग्वालियर 18.6 डिग्री, भोपाल 23.4 डिग्री, इंदौर में 22.6 डिग्री, उज्जैन में 20.4 डिग्री और जबलपुर में तापमान 25.8 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, रात में गुरुवार को सबसे कम 9.2 डिग्री सेल्सियस तापमान नौगांव में दर्ज किया गया। हिल स्टेशन पचमढ़ी में पारा 7.7 डिग्री सेल्सियस पर रहा। सबसे कम 100 मीटर दृश्यता खजुराहो एयरपोर्ट पर दर्ज की गई। वरिष्ठ मौसम विशेषज्ञ अजय शुक्ला ने बताया कि मौसम प्रणालियां कमजोर पड़ चुकी हैं। हवा भी उत्तरी होने लगी है। इस वजह से शुक्रवार से पश्चिमी मध्य प्रदेश के शहरों में न्यूनतम तापमान में कमी आ सकती है। शनिवार से पूर्वी मध्य प्रदेश में भी रात के तापमान में गिरावट हो सकती है। उधर, वातावरण में काफी नमी मौजूद रहने के कारण सुबह के समय अधिकांश शहरों में कोहरा रहने के आसार हैं। वहीं, 18 जनवरी से एक नए पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में पहुंचने की संभावना है। इधर, उज्जैन में कड़ाके की ठंड के चलते 17 जनवरी को नर्सरी से कक्षा 8वीं तक के सभी प्राइवेट, सरकारी स्कूलों और आंगनवाड़ियों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। वहीं रतलाम जिले में प्रशासन ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए 17 और 18 जनवरी को नर्सरी से 8वीं तक के स्कूलों में छुट्टी घोषित की है।आगर मालवा में भी प्रशासन ने नर्सरी से 8वीं तक के स्कूलों में 17 से 18 जनवरी तक दो दिन की छुट्टी घोषित की है।शाजापुर जिले में भी 17 जनवरी को नर्सरी से 8वीं तक के स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है।

## गोरखपुर महोत्सव का भव्य समापन, क्षेत्रीय कलाकारों और खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**गोरखपुर :** गोरखपुर महोत्सव का आज भव्य समापन हो गया। 10 जनवरी से शुरू हुए इस महोत्सव में क्षेत्रीय कलाकारों और खिलाड़ियों ने अपने अद्भुत प्रदर्शन से महोत्सव को यादगार बना दिया। महोत्सव के दौरान कला, खेल और संस्कृति से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। महोत्सव का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय कलाकारों और खिलाड़ियों को मंच प्रदान करना था। इस दौरान लोकगीत, नृत्य, नाटक, पेंटिंग, शिल्पकला और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने क्षेत्र में जोरदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों ने गोरखपुर महोत्सव की व्यवस्थाओं की जमकर सराहना की। उन्होंने आयोजन समिति को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसा आयोजन क्षेत्रीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का एक बेहतरीन प्रयास है। समापन समारोह में स्थानीय अधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। उन्होंने कलाकारों और खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया और इस महोत्सव को गोरखपुर की सांस्कृतिक पहचान को बढ़ावा देने वाला आयोजन बताया। गोरखपुर महोत्सव के समापन के साथ ही क्षेत्रीय कलाकारों और दर्शकों के दिलों में इसे लेकर खास यादें बस गई हैं। आयोजन समिति ने सभी प्रतिभागियों और दर्शकों का आभार व्यक्त करते हुए वादा किया कि अगले साल यह आयोजन और भी भव्य तरीके से किया जाएगा।

न्यूज ब्रीफ

## जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति की हुई बैठक

**लोहरदगा :** जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की पहली बैठक गुरुवार को जिला परिषद लोहरदगा के सभाकक्ष में लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के सांसद सुखदेव भगत की अध्यक्षता में हुई। बैठक शुरू होने के पहले उपायुक्त डा. वाघमारे प्रसाद कृष्ण एवं पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने सांसद सुखदेव भगत को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। तत्पश्चात बैठक की कार्यवाही शुरू की गई। बैठक में बारी-बारी से सभी विभागों द्वारा संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की कर सांसद ने आवश्यक निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि विकास योजनाओं को समयबद्ध तरीके में पूर्ण करें। योजना कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आमजनों को आसानी से समय पर बालू मिले ऐसी व्यवस्था करें। बैठक में सांसद ने कुडू-घाघरा पथ निर्माण कार्य की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया। शहर के बरवाटोली चौक के पास चौड़ीकरण व सुदृढ़िकरण, कंडरा पुल निर्माण कार्य में तेजी लाने और योजना कार्य को तय समय के अंदर पूरा करने का निर्देश दिया। मनरेगा अंतर्गत पेशरार प्रखंड में नाशपाती बागवानी की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि अधिक से अधिक पौधों का जीवित रखने का प्रयास करें ताकि उसका फायदा लाभुकों को मिल सके।

## राजकीय मध्य विद्यालय सरांगो के चार छात्र ओलंपियाड में हुए सफल



**गुमला :** झारखंड राज्य ओलंपियाड 2024 के प्रथम चरण की परीक्षा में राजकीय मध्य विद्यालय सरांगो के चार छात्र सोनिया कुमारी, रुपाली कुमारी, सरजुन उरांव व अमन बैठा ने सफलता हासिल किया है। चारों ने सामान्य ज्ञान व सामाजिक विज्ञान विषय में सफलता हासिल की। यहां बता दे कि राज्य स्तर पर पंजीकृत लगभग 84 हजार छात्रों ने इस ओलंपियाड में हिस्सा लिया जिसमें 1352 छात्र चयन किए गए। जो दूसरी चरण की परीक्षा के लिए जाएगे। सदय प्रताप जायसवाल ने कहा चयनित विद्यार्थी निश्चित तौर पर विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।छात्रों की सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सदय प्रताप जायसवाल, शिक्षक शंभू नाथ पांडे, बंधन लकड़ा, राजेंद्र भगत, पुष्पा कुमारी, पूनम कुमारी, अरुण महतो, रघुनाथ भगत, कमला कुमारी, सूरज कुमार साहू व रतिंदर भगत सहित कई लोगों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य का कामना किया है।

## पांच हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात



**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित भरनो प्रखंड के पहाड़केशा, पतराटोली गांव निवासी गयना उरांव के घर को बीते रात जंगली हाथियों ने क्षतिग्रस्त कर घर में रखे 1 बोरा धान और 1 बोरा गेहूं खा गए ।प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते रात 5 जंगली हाथी गांव में घुसे और गयना उरांव के घर को घेर लिया ।घर में गयना उरांव उसकी पत्नी और 1 बेटा सो रहे थे , तभी हाथियों ने लात मारकर 2 कमरों को ध्वस्त कर दिया ।उन्होंने घर में छुपकर जान बचाया ।हाथी उत्पात मचाने के बाद लोंगा झरिया गढ़ा की ओर निकल गए ।

## वेदांता ई एस एल ने गांवों में बड़े पैमाने पर पौधा वितरण अभियान चलाया

**बोकारो :** अग्रणी इस्पात निमार्ता वेदांता ई एस एल ने गुरुवार को अपने संयंत्र के आस-पास के गांवों में बड़े पैमाने पर पौधा वितरण अभियान चलाया। पर्यावरण स्थिरता और सामुदायिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य के तहत सीएसआर संचालित गांवों में स्थानीय निवासियों को 4000 से अधिक फलदार पेड़ वितरित किया। यह पहल पर्यावरण विभाग के साथ साझेदारी में आयोजित की गई, जिसने तकनीकी विशेषज्ञता और मार्गदर्शन प्रदान किया। वितरित किए गए पौधों में पांच प्रकार के फलदार पेड़ के पौधे शामिल थे,जिसमें आम, केला, अमरूद, आंवला और कटहल शामिल थे। ये सारे फलों के पौधे स्थानीय जलवायु के अनुकूल होने, उच्च पोषण मूल्य और आर्थिक लाभ उत्पन्न करने की क्षमता के निमित चयन किए गए। इस पहल का उद्देश्य वनीकरण को प्रोत्साहित करना, वायु गुणवत्ता में सुधार करना और क्षेत्र में जैव विविधता को बढ़ाना है। इसके माध्यम से, अभियान का उद्देश्य हरित आवरण में सुधार और जैव विविधता का समर्थन कर-के पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। यह ग्रामीणों के लिए पोषण और संभावित आजीविका के अवसरों का एक स्थायी स्त्रोत प्रदान करना चाहता है, जो उनके समग्र कल्याण और आर्थिक स्थिरता में योगदान देता है। इस पहल में स्थानीय निवासियों, सामुदायिक नेताओं और फैक्ट्री कर्मचारियों के साथ-साथ पंचायती राज संस्थानों (पीआरआई) की उत्साही भागीदारी देखी गई। इस अवसर पर बोलते हुए, वेदांता ईएसएल के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा ने कहा, ₹हमारा मिशन स्टील उत्पादन से आगे तक फैला हुआ है। हम पर्यावरण और उन समुदायों पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए गहराई से प्रतिबद्ध हैं, जिनमें हम काम करते हैं। वेदांता स्थिरता और सामुदायिक कल्याण की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक और एक विश्वसनीय पड़ोसी बनने का प्रयास करता है और यह पौधा वितरण अभियान आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित भविष्य बनाने की दिशा में एक छोटा लेकिन सार्थक कदम है।₹ हम इस तरह के सार्थक कार्यक्रम का हिस्सा बनने के अवसर के लिए आभारी हैं और भविष्य की पीढ़ियों के लाभ के लिए इन पेड़ों को पोषित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।ह्व जीतुन अंसारी, मुखिया, चंदाहा ने कहा ₹यह पौधा वितरण अभियान सीएसआर टीम द्वारा एक अद्भुत पहल है। आम और अमरूद जैसे फलों के पेड़ों को वितरित करने का मतलब है कि हमारे पास जल्द ही खाने के लिए फल होंगे और अगर अतिरिक्त होंगे तो हम उन्हें बेच भी सकेंगे। यह हमारे जीवन को बेहतर बनाने और साथ ही प्रकृति की रक्षा करने में हमारी मदद करने का एक विचारशील तरीका है।ह्व शीतल सिंह, मुखिया, पूर्वी मोहल ने कहा कि यह पौधा वितरण अभियान वेदांता ईएसएल की व्यापक कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहलों का हिस्सा है, जो अपने परिचालन के आसपास के क्षेत्रों में पर्यावरणीय स्थिरता, सामुदायिक विकास और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।

# कार्मिक डीआईजी ने बीमार पुलिस अवर निरीक्षक को इलाज राशि उपलब्ध करायी

बिनय मिश्रा

विशेष शाखा के पुलिस अवर निरीक्षक राकेश कुमार (एक)के जीभ में कैंसर हो जाने के कारण उन्हें कांके स्थित कैंसर अस्पताल में भर्ती कराया गया, उनका ऑपरेशन सफल रहा। अभी वह ठीक है। उनके भाई मुकेश कुमार को एक लाख नगद राशि पुलिस उप-महानिरीक्षक कार्मिक नौशाद आलम के द्वारा दिया गया उक्त राशि की स्वीकृति 15 दिन पूर्व ही हो गयी थी परंतु कुछ विभागीय कारण से आज नगद राशि भुगतान की गई साथ ही पुलिस उप-महानिरीक्षक कार्मिक के द्वारा यह आश्वासन भी दिया गया की वे हर संभव मदद करेंगे और उनके परिवार को आश्वासन दिया कि इस मुश्किल घड़ी में पुलिस विभाग एवं विशेष शाखा एसोसिएशन की टीम उनके साथ खड़ी है ।भगवान से प्रार्थना है कि पुलिस अवर निरीक्षक राकेश कुमार (एक) जल्द स्वस्थ होकर अपने घर और कर्तव्य पर लौट सके। उक्त राशि दिये जाने के दौरान विशेष शाखा के सचिव पुलिस अवर निरीक्षक विकास कुमार सिंह एवं क्षेत्रीय मंत्री रोहित कुमार रजक भी उपस्थित थे।



## तम्बाकू पर जागरूकता कार्यक्रम होना चाहिए : जिला परामर्शी

**बोकारो :** ज्ञानदर्शन पब्लिक स्कूल चन्दनकियारी रोड बोकारो में तम्बाकू के दुष्परिणाम विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के प्राचार्य श्री सुधीर कुंवर के द्वारा किया गया। स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि मो0 असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के द्वारा सभी बच्चों को तम्बाकू के दुष्परिणाम, तम्बाकू में पाये जाने वाले जहरीले तत्व, तम्बाकू प्रयोग से स्वास्थ्य पर दीर्घ अवधी परिणाम, नशा मुक्ति केन्द्र व तम्बाकू छोडने के उपाय, तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान कैसे किया जाये और इसमें बच्चों की क्या जवाबदेही है इसके बारे में बताया विस्तृत जानकारी दी गई। जिला परामर्शी ने बताया कि 90 प्रतिशत से अधिकतम स्कूल के प्राचार्य कोटपा-2003 की बारे में जानकारी रखते है। सभी स्कूल प्राचार्य से अनुरोध है कि स्कूल स्तर पर प्रत्येक 6 माह में कम से कम एक बार तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होना चाहिए साथ ही सप्ताह में किसी एक दिन सभी बच्चों की जांच की जाये कि कही कोई बच्चा तम्बाकू उत्पाद अपने साथ न रखता हो। और सभी बच्चों से अनुरोध किया गया कि यदि कोई आपका साथी आपको तम्बाकू उत्पाद उपयोग करने हेतु आफर/प्रेरित करता है तो आप सभी लोग तम्बाकू को ना कहना सीखें और उसकी जानकारी स्कूल के किसी शिक्षक को साझा जरूर करें। बच्चों को तम्बाकू छोडने हेतु तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र व उसमें मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई साथ ही तम्बाकू छोडने हेतु टाल फ्री नं0 1800-11-2356 को भी साझा किया गया।

# ग्रामीणों ने बॉक्साइट माइंस के ट्रकों का परिचालन कराया बंद

### सीओ और थाना प्रभारी के आश्वासन के बाद खुला जाम

मेट्रो रेज संवाददाता

**गुमला :** गुमला ऑल बॉक्साइट माइन्स जनाधिकार संघर्ष समिति के द्वारा गुरुवार से बीमरला माइंस का परिचालन बंद किया गया। गुरुवार की अहले सुबह से ही समिति के लोग आदर स्थित मलगो के पास बैठकर सभी ट्रकों को रोक दिया। यहां बता दे कि संगठन के द्वारा पूर्व में हिंडाल्को को 18 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया था और यह कहा भी गया था कि यदि इस मांगों पर हिंडालको पहल नहीं करता है तो बिमरला माइंस को 16 जनवरी से बंद कर दिया जाएगा जिसके बाद सभी ने बंद किया। सूचना मिलने पर सीओ आशीष कुमार मंडल व थानेदार तरुण कुमार जाम स्थल पहुंचकर लोगों से वार्ता किया जिस पर शिवकुमार भगत टुनटुन ने कहा कि हिंडालको कंपनी से क्षेत्र में विकास करने को लेकर कई बिंदुओं पर एग्रीमेंट हुआ है। जिस पर कोई भी काम हिंडाल्को के द्वारा नहीं किया गया सिर्फ और सिर्फ क्षेत्र की जनता को बेवकूफ बनाकर क्षेत्र से खनिज को निकाल कर ले जा रहा है अब हिंडाल्को की मनमानी नहीं चलेगी जब तक मूलभूत सुविधाओं का बहाल इलाके में नहीं होगा तब तक बीमरला माइंस बंद रहेगा। जिसके बाद ट्रक ओनर एसोसिएशन के लोग भी घाघरा थाना पहुंचे जहां थाना प्रभारी सीओ के साथ वार्ता हुई। जिसके बाद पुनः थानेदार व सीओ जाम स्थल पहुंचे और जाम कताओं को आश्वासन दिया कि 26 जनवरी से पहले कंपनी से वार्ता होगा जिसके बाद जो भी समस्या है सभी का निदान किया जाएगा। ट्रक ओनर एसोसिएशन के लोगों ने भी कहा यदि हिंडालको वार्ता नहीं करती है तो हम सभी स्वता परिचालन बंद कर देंगे। इधर आंदोलन के नेता शिवकुमार भगत ने कहा कि स्थानीय प्रशासन के आग्रह पर हम लोगों ने अभी 26 जनवरी तक के लिए आंदोलन को रोक दिया है लेकिन अगर कंपनी वार्ता नहीं करती है या फिर सकारात्मक पहल नहीं करती है तो फिर आने वाले दिनों में भी स्थानीय प्रशासन की बात को नहीं मानेंगे और हजारों की संख्या में सड़क पर उतरेंगे और 29 जनवरी से अनिश्चितकाल के लिए खनन परिवहन सब सारे काम बंद कर देंगे।



# गोमिया में 28 वां वार्षिक माहेर डे मनाया गया

मेट्रो रेज संवाददाता

**गोमिया :** गोमिया प्रखंड अंतर्गत खंभरा पंचायत के कसवागढ़ में माहेर संस्था की ओर से 28 वां वार्षिक माहेर डे कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ माहेर संस्था के संस्थापिका सिस्टर लुसी, जर्मनी से आये मारिया वर्नर, सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र जीएम संजय कुमार,गोमिया बीडीओ महादेव कुमार महतो, संस्था के झारखंड प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सिस्टर सेसी, रांची इंचार्ज शोभा ओरिया, गोमिया प्रोजेक्ट इंचार्ज राजेश कुजूर, संस्था के सात राज्यों के प्रतिनिधि समेत मुखिया शांति देवी, अंशु कुमारी, बंटी उरांव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान माहेर संस्था के ट्रेनर,विक्षिप्त महिलाओं व बच्चों ने झारखंड के सभ्यता व संस्कृति से जुड़े रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि गोमिया में माहेर संस्था वरदान के रूप में साबित हो रही है। देशभर के सात राज्यों में माहेर संस्था द्वारा सेवा दी जा रही है। झारखंड में माहेर संस्था फुलवा संगठन के रूप में कार्य कर रही है। माहेर संस्था असहाय बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए वर्ष 2013 से निरंतर कार्य कर रही है। इसमें शिक्षिका द्वारा बच्चों को सिलाई व ब्यूटीशियन का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ में विक्षिप्त महिलाओं की पालन पोषण की हर संभव सेवा दी जा रही है। यहां के स्टाफ काफी मेहनती हैं। इस संस्था के बच्चे स्कुलों में बेहतर पढ़ाई कर रहे हैं। वक्ताओं ने कहा कि यदि कहीं ईश्वर है तो इस संस्था में है इसमें सहयोग कर ईश्वर के नजदीक आया जा सकता है। कहा कि ईश्वर सब की सुनते हैं पर हमलोग देखते नहीं हैं। माहेर में आने के बाद पता चल गया। माहेर आने से पुनीत अनुभूति होती है। माहेर का शाब्दिक अर्थ है मां का घर। समाज से बहिष्कृत बच्चे व बहिष्कृत महिलाओं को अपनाने का यह संस्था कार्य करती है। वक्ताओं ने कहा कि संस्था की संस्थापिका सिस्टर लुसी कुरियर को अंतरराष्ट्रीय विश्व प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया है।



# आरएनबी अस्पताल व पाल आई रिसर्च सेंटर का 6वां वर्षगांठ मना

मेट्रो रेज संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो स्टील सिटी के को ऑपरेटिव कॉलोनी में स्थित आर एन बी अस्पताल एवं पाल आई रिसर्च सेंटर का 6वा वर्षगांठ धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मौके पर सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि यह अस्पताल जनसेवा की भावना से संचालित किया जाता है बहुत ऐसे मरीज जो आर्थिक रूप से कमजोर है उन्हें भी यहां मानवीय आधार पर इलाज किया जाता है। डॉ मुक्तेश्वर रजक ने कहा कि आज बोकारो की जनता के प्रेम और आशीर्वाद से हमारा अस्पताल नित्य प्रगति पथ पर अग्रसर है वर्तमान समय में इस अस्पताल में मरीजों के लिए बेहतरीन ओपीडी सेवाओं के लिए अनुभवी चिकित्सकों की टीम कार्य कर रही है वही अस्पताल में जनरल मेडिसिन, सर्जरी, नेफ्रो, यूरोलॉजी, डायलिसिस, आर्थोपेडिक, उपथलमोलोंजी, गाइनेकोलॉजिस्ट, इंडोक्रेनोलॉजिस्ट सुचारू रूप से जनहित में कार्य कर रहे हैं वहीं सभी लैबरेटरी सर्विस जैसे इमेजिन, एक्सरे,ई सी जी, बायो केमेस्ट्री, हिमेटोलॉजी, क्लिनिकल पैथोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, शेरोलॉजी जैसे अत्याधुनिक सेवाओं का सस्ते दरों में उपलब्ध है। श्री रजक ने कहा कि हमारा लक्ष्य बोकारो को पूर्ण रूप से स्वास्थ्य बनाना है जनता स्वास्थ्य रहे यही ईश्वर से कामना करते हैं इस अवसर पर मुख्यरूप से सर्व श्री डॉ एन डी कच्छप,डॉ पिंकी,डॉ आर के मिश्रा,डॉ सुमित,डॉ शशि रंजन, डॉ कुमुदिनी शर्मा,डॉ प्रदीप कुमार,कुंज बिहारी पाठक,राजू कुमार उपस्थित रहे।



## दुकानदार महासंघ ने की बैठक,अतिक्रमण हटाओ अभियान का किया विरोध

**बोकारो :** स्थानीय सेक्टर 12 मोड़ के पास झुग्गी-झोंपड़ी वासी सह फुटपाथ दुकानदार महासंघ की बैठक कर अतिक्रमण हटाओ अभियान का विरोध किया गया। प्रशासन के नोटिस के खिलाफ विरोधस्वरुप दुंदीबाद और हवाई अड्डा के पास स्थित सभी मीट-मुर्गा दुकानें बंद रखी गई। बैठक की अध्यक्षता महासंघ के संरक्षक सह आम आदमी पार्टी नेता कुमार राकेश ने की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और जिला प्रशासन के साथ सेल प्रबंधन को भी चालीस-पचास साल से फुटपाथ पर रोजगार कर या खाली स्थान पर झोंपड़ी बना कर रोजगार करने वाले गरीब लोगों उजाड़ने से पहले सोचना चाहिए। किसी भी दुकान को पथ-विक्रेता अधिनियम 2014 के तहत पुनर्वासित करने के बाद ही हटाया जाए। महासंघ के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह कुशवाहा ने कहा कि दुकानदार और झुग्गी वासियों की लड़ाई मजबूती से लड़ी जाएगी। किसी को उजड़ने नहीं दिया जाएगा। बैठक में छह सूत्री प्रस्ताव पारित कर झारखंड के मुख्यमंत्री को उपायुक्त बोकारो के माध्यम से भेजने का निर्णय लिया गया। पारित प्रस्ताव में बिना पुनर्वास के किसी भी मीट-मुर्गा दुकान को नहीं हटाने, दुग्गल गेट के समीप पुनर्वासित करने, बीएसएल प्रबंधन से वार्ता कर चबूतरा बनाकर आवंटित करने, सभी मीट-मुर्गा दुकानदारों को जिला प्रशासन द्वारा लाइसेन्स प्रदान करने तथा हवाई अड्डा के समीप स्थित झोंपड़पट्टी में स्थाई बिजली-पानी कनेक्शन मीटर के साथ देने की मांगे शामिल हैं।

# जय सरना सखी आजीविका मंडल और जिला प्रशासन के समझौता पर हुआ हस्ताक्षर

मेट्रो रेज संवाददाता

**गुमला :** गुमला जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के नेतृत्व में जिले के आकांक्षी प्रखंड डुमरी में एसएचजी की महिलाओं द्वारा संचालित प्रोजेक्ट किशोरी₹ के तहत सैनेट्री नैपकिन बनाने के कार्य की शुरूआत पिछले वर्ष की गई थी।इस इकाई का संचालन जय सरना सखी आजीविका मंडल, जेएसएलपीएस पालाश समर्थित स्वयं सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है।

एसएचजी महिलाओं के इस प्रयास एवं जिला प्रशासन के सहयोग से इस नए उद्यमी को एक नया अवसर प्राप्त हुआ। आज शुक्रवार को टटव सिनर्जी वर्कशॉप 2025 के दौरान सदर अस्पताल कॉन्फ्रेंस हॉल, रांची में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और टीएचएफ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित कार्यक्रम में द हंस फाउंडेशन, जय सरना सखी आजीविका मंडल और जिला प्रशासन के बीच त्रिपक्षीय समझौता पर हस्ताक्षर किए गए। इस कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की ओर से अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, डीपीएम जेएसएलपीएस, डीएम-एफआई और रमेश कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपायुक्त गुमला ने वीडियो के माध्यम से अपने संदेश दिए।

प्रोजेक्ट किशोरीः महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण की दिशा में एक कदम प्रोजेक्ट किशोरी गुमला जिले के आकांक्षी ब्लॉक डुमरी में संचालित एक अभिनव सैनिटरी पैड निर्माण इकाई है, जिसे जय सरना आजीविका सखी मंडल द्वारा संचालित किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और किशोरियों के बीच मासिक धर्म स्वच्छता सुनिश्चित करना है।

टीएचएफ से मासिक ऑर्डर की उपलब्धि समझौते के तहत, द हंस फाउंडेशन द्वारा हर महीने प्रोजेक्ट किशोरी से 10,000 पैकेट (प्रत्येक में 10 सैनिटरी पैड) का ऑर्डर दिया जाएगा, जो कुल 1,00,000 पैड का उत्पादन होगा। इस ऑर्डर का मूल्य ?2.25 लाख प्रति माह होगा और यह पैड झारखंड में ळऌत्रक्र के हस्तक्षेप क्षेत्रों के हितधारकों के लिए उपयोग किए जाएंगे। महिला सशक्तिकरण और मासिक धर्म स्वच्छता में योगदान

यह अवसर प्रोजेक्ट किशोरी की दीदियों के लिए न केवल आर्थिक सशक्तिकरण का प्रतीक है, बल्कि महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य व स्वच्छता में सकारात्मक योगदान देने का भी अवसर प्रदान करता है।

उपायुक्त गुमला का नेतृत्व

इस प्रेरणादायक पहल को गुमला जिला प्रशासन द्वारा संरक्षित और प्रोत्साहित किया गया है। यह सफलता जिला प्रशासन एवं डुमरी ब्लॉक के प्रशासन तथा बीडीओ डुमरी के कुशल नेतृत्व और गुमला के माननीय उपायुक्त महोदय के मार्गदर्शन एवं प्रयासों के कारण संभव हो पाई है। यह साझेदारी न केवल गुमला जिले की पहचान को सुदृढ़ करेगी, बल्कि महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर एक नई शुरूआत का प्रतीक बनेगी।

